Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 63 | बुधवार, 05 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## किसानों का प्रदर्शन आज

# चंडीगढ़ के 18 एंट्री पॉइंट सील, 1200 जवान तैनात

**चंडीगढ़।**

सीएम मान ने चेतावनी दी है कि पंजाब को धरना स्टेट बना रखा है। संयुक्त किसान मोर्चा ने साफ कर दिया है कि मोर्चा ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ हर हाल में चंडीगढ़ कूच करेगा। सरकार जहां भी उनको रोकेगी, वे धरने पर बैठ जाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से तल्खी के बाद संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की अगुवाई में किसान आज चंडीगढ़ में पक्का लगाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ कूच करेंगे। सीएम मान ने चेतावनी दी है कि पंजाब को धरना स्टेट बना रखा है। मोर्चे में आने वाले किसानों को हिरासत में लिया जाएगा। चंडीगढ़ पुलिस ने भी पंजाब के साथ लगते 18 एंट्री पॉइंट को सील कर दिया है, जहां 1200 जवानों को तैनात किया गया है, जबकि संयुक्त किसान मोर्चा ने साफ कर दिया है कि मोर्चा ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ हर हाल में चंडीगढ़ कूच करेगा। सरकार जहां भी उनको रोकेगी, वे धरने पर बैठ जाएंगे। एसकेएम के पक्के मोर्चे के एलान को देखते सोमवार देर रात से ही पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं की धरपकड़ शुरू कर दी, जो मंगलवार को पूरा दिन जारी रही। इस दौरान किसान नेताओं को घरों से हिरासत में ले लिया गया, जबकि कुछ को नजरबंद भी कर दिया गया। पुलिस कार्रवाई को देखते हुए अधिकतर किसान नेता अंडरग्राउंड हो गए। मोर्चे के मुताबिक बलबीर सिंह राजेबाल समेत उनके 9 नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। इनमें रुलदू सिंह मानसा, जंगवीर सिंह चौहान, गुरमीत सिंह भाटीवाल, नछत्तर सिंह जैतों, वीरपाल सिंह ढिल्लों, बिंदर सिंह गोलेवाल, गुरनाम भीखी और हरमेश सिंह ढेसी शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के प्रधान जोगिंदर सिंह उगराहां, रमिंदर सिंह पटियाला, बुटा सिंह, हरिंदर सिंह लखोवाल, सतनाम सिंह, गुरमीत सिंह और राजिंदर सिंह दीप सिंह वाला के घर पर छापा मारा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद एसकेएम से जुड़ी जत्थेबंदियों ने अपना रोष जाहिर करने के लिए पंजाब सरकार के पुतले भी फूंके। एसकेएम नेता रमिंदर सिंह पटियाला ने कहा कि हम चंडीगढ़ जरूर जाएंगे। सरकार ने जहां रोका, वहीं धरने देकर बैठ जाएंगे। किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ चंडीगढ़ जाएंगे। इसी तरह किसान नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि चंडीगढ़ कूच के लिए सभी साथियों को साथ आने की अपील की है। उन्होंने सरकार से चंडीगढ़ में सेक्टर-34 ग्राउंड में मोर्चा लगाने के लिए जगह भी मांगी। उगराहां ने बताया कि उनके सैकड़ों किसान नेताओं के घरों पर छापा मारा गया और कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया है।



**कई नेता हिरासत में-कुछ नजरबंद**

## भारत ने लिया ऑस्ट्रेलिया से 2023 का बदला सेमीफाइनल में रौंदकर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।**



भारत ने लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को रौंदने में अहम भूमिका निभाई। शमी ने जहां 3 विकेट चटकाए वहीं ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका। वहीं कोहली ने 84 रन के दमदार पारी खेली और भारतीय टीम के लिए सफलतापूर्वक रन चेज किया।

भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने जीत के कारवां को जारी रखते हुए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को 4 विकेट से हराया है। इसके साथ ही भारत ने लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को रौंदने में अहम भूमिका निभाई। शमी ने जहां 3 विकेट चटकाए वहीं ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका। वहीं कोहली ने 84 रन के दमदार पारी खेली और भारतीय टीम के लिए सफलतापूर्वक रन चेज किया। दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने 14 साल बाद किसी आईसीसी टूनार्मेंट के नॉकआउट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। वर्ल्ड कप 2011 के क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और पिर खिताब भी जीता था।

## अफसरों ने सुझाए थे राजीव गांधी को बचाने के तरीके

**नई दिल्ली।** चित्रा ने 16 अप्रैल 1987 को स्वीडिश रेडियो की ओर से भारत के साथ बोफोर्स होवित्जर सौदे में रिश्वतखोरी की कहानी उजागर करने के तुरंत बाद यूरोप से इस मामले को कवर किया था।

उन्होंने अपनी जांच का विवरण इस किताब में दिया है। चित्रा को बोफोर्स के शीर्ष अधिकारियों और भारत के शीर्ष नौकरशाहों के बीच एक गुप्त बैठक के सारांश पर आधारित हैं।

## अमेरिकी बाजारों में बढ़ेगा भारतीय उत्पादों का निर्यात



**नई दिल्ली।**

टेरिफ के कारण कीमतें बढ़ाने से अमेरिकी बाजार में तीनों देश कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। जिसके कारण भारत से कृषि, इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, कपड़ा, रसायन और चमड़े के क्षेत्रों में निर्यात बढ़ सकता है। अमेरिका के चीन, मेक्सिको व कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में निर्यात बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही, सभी चीनी आयातों पर शुल्क को दोगुना कर 20 फीसदी कर दिया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत एससी रल्हन ने कहा, तीनों देशों पर टैरिफ लगाने से कृषि, इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, परिधान, कपड़ा, रसायन और चमड़ा जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। रल्हन ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए उच्च टैरिफ चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका को होने वाले निर्यात को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करेंगे। ?इससे निर्यात के मोर्चे पर तीनों देश कम प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर है और इन्हें अमेरिकी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए इनका लाभ उठाना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जब अमेरिका ने चीन आयातित वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाया था, तब भारत चौथा सबसे बड़ा लाभार्थी रहा था।

## चीन की उड़ी नींद
## भारत जापान मिलकर कर रहे जंगी सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन'



**नई दिल्ली।** भारत-जापान के बीच जापान के पूर्वी फूजी में चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' दोनों देशों के सैन्य रणनीतिक संबंधों की गहराई को नया आयाम दे रहा है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास की इस छठी कड़ी में भारत और जापान की सेनाओं का इस बार फोकस वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में शहरी क्षेत्रों में बढ़ रहे आंतकवाद निरोधी आपरेशन पर है। वहीं वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र शांति सुरक्षा मिशन से जुड़ी चुनौतियों में प्रभावशाली सैन्य अभियान का संचालन भी इस अभ्यास का अहम हिस्सा है। भारत-जापान का संयुक्त अभ्यास दोनों देशों के सामरिक रिश्ते के साथ-साथ क्वाड के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशेषकर इस लिहाज से कि क्वाड देशों के बीच सैन्य और रणनीतिक सहयोग की पहल से चीन असहज होता रहा है।

वैश्विक सामरिक कूटनीति में मित्र देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास असामान्य नहीं है मगर भारत-जापान के बीच मैत्रीपूर्ण सामरिक रिश्तों पर चीन की हमेशा से तिरछी निगाहें रही है।

**असामान्य नहीं है मित्र देशों में संबंध**

## 'अपनी ही दुकानों से दवा खरीदने पर मजबूर कर रहे प्राइवेट अस्पताल'

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों के दवा दुकानों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की अधिक कीमतों के संबंध में निर्णय सरकार पर छोड़ दिया। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना सरकार का फर्ज है। राज्य मरीजों और उनके तीमारदारों का शोषण रोकने को लेकर उचित नीतिगत निर्णय लें। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर इस पर कोर्ट ने निर्देश दिया तो प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज में बाधा हो सकती है और इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने एक जनहित याचिका का निपटारा करते हुए ये टिप्पणियां की। याचिका में आरोप लगाया गया कि प्राइवेट अस्पताल मरीजों और उनके तीमारदारों को अस्पताल परिसर में स्थित दवा दुकानों या उनसे संबद्ध दवा दुकानों से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। इन अस्पतालों में संचालित दवा दुकानों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के लिए अत्यधिक कीमतें वसूली जाती हैं।

## लक्ष्य का पीछा करते हुए तुरुप का इक्का साबित हुए विराट कोहली

**दुबई।** दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में टीम इंडिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की दमदार पारी की बदौलत भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले रोहित शर्मा की सेना ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराया।

## ब्रिटेन पहुंचे एस जयशंकर, ब्रिटिश पीएम स्टार्मर से की मुलाकात

**लंदन।**



विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए मंगलवार से ब्रिटेन और आयरलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर सबसे पहले लंदन पहुंचे। विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, विदेश सचिव डेविड लैमी से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। बेलफास्ट और मैनचेस्टर में भारत के दो नए वाणिज्य दूतावासों का शुभारंभ जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूके के पीएम ने विदेश मंत्री के साथ यूक्रेन संघर्ष पर भी अपने विचार साझा किए। विदेश मंत्री ने यूके के विदेश सचिव डेविड लैमी और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की।

वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सप्ताह बेलफास्ट और मैनचेस्टर में भारत के दो नए वाणिज्य दूतावासों का शुभारंभ करेंगे।

## ट्रंप के टैरिफ वॉर से भारत को होगा जबरदस्त फायदा



**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क मंगलवार से लगा दिया।

चीन की वस्तुओं पर भी 20 प्रतिशत का शुल्क लगाया गया है। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच शुरू हो चुकी इस व्यापारिक लड़ाई का फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली वस्तुओं पर अभी अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है। दूसरी तरफ शुल्क में बढ़ोतरी से चीन, मैक्सिको व कनाडा से अमेरिका में आने वाली वस्तुएं महंगी हो जाएंगी जबकि भारतीय वस्तुएं अपेक्षाकृत सस्ती होंगी। शुल्क में बढ़ोतरी करने से चीन और मैक्सिको से आने वाली इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, गारमेंट, घरेलू इस्तेमाल वाले उत्पाद, खाने-पीने की वस्तुएं अमेरिका में महंगी हो जाएंगी। ऐसे में अमेरिका में भारत से आने वाली इन वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है।

## दिल्ली-एनसीआर में ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**नई दिल्ली।**

बीते एक हफ्ते से पहाड़ी राज्यों में हिमपात और वर्षा का दौर जारी है। मंगलवार को इसका असर दिल्ली-एनसीआर में भी दिखाई दिया। हल्के बादल छाने के साथ ही तेज हवाओं का असर दिखा। इस कारण शाम तक तापमान भी काफी गिर गया। वहीं पर्वतीय राज्यों विशेषकर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में मंगलवार को हुई हिमपात और वर्षा के साथ कहीं कहीं ओलावृष्टि भी हुई। इससे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। इसी के साथ पहाड़ों पर हिमपात के लिए यूपी में भी ठंडी हवा चल रही है और बिहार में आज आंशिक रूप से कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। कश्मीर में ताजा बर्फबारी व बारिश के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे बने रहने से ठंड का प्रकोप बना रहा। इधर, जम्मू में दिनभर धूप छाई रही। वहीं सोमवार देर शाम को रामबन जिला में पहाड़ से पत्थर व मलबा गिरने से बंद हुआ जम्मू-श्रीनगर हाईवे मंगलवार सुबह दस बजे खोल दिया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को मौसम के मिजाज शुष्क बने रहेंगे। 10 से 12 मार्च को कश्मीर में फिर हिमपात व बारिश की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते सोमवार तड़के से कश्मीर में गुलमर्ग समेत उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी व श्रीनगर समेत सभी निचले इलाकों में बारिश शुरू हुई थी। यह सिलसिला मंगलवार को दूसरे दिन भी रुक रुककर जारी रहा।



## संपादक की कलम से

### नशे के खिलाफ युद्ध



ललित शर्मा
संपादक

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र– गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है।

## आखिर बसपा की सियासी दुर्गति के लिए

# मायावती अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर क्यों थोप रही हैं?

उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की नेत्री सुश्री मायावती भले ही दलित की बेटी हैं, लेकिन जब दलित राजनीति के रथ पर सवार होकर वह सूबाई सत्ता और पार्टी दोनों के शीर्ष तक पहुंचीं तो दौलत पसंद बन गईं। उन्होंने अपनी सारी नीतियों को दौलत बटोरने के ही इर्दगिर्द केंद्रित कर दिया। जिससे दृढ़ स्वभाव की इस महिला नेत्री ने न केवल अकूत धन बटोरीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी खूब आगे बढ़ाया। इस क्रम में उन्होंने जायज-नाजायज का ख्याल तक नहीं रखा। क्योंकि दलित समर्थक एक कानून हमेशा उन जैसों की कानूनी ढाल बन जाता है।हालंकि, वक्त का पाशा पलटते ही अब वही दौलत उन जैसी अविवाहित महिला के गले की फांस बन चुका है।

कहना न होगा कि जिस बामसेफ ने देश की दलित राजनीति को एक मजबूत प्रशासनिक आधार दिया, उसकी भी मायावती काल में इसलिए एक न चली, क्योंकि परिवार और पार्टी से आगे की सोच-समझ उनमें विकसित ही न हो पाई। दरअसल, बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के मेहनत से फली-फूली धुर ब्राह्मण विरोधी दलित पार्टी बसपा पर मायावती ने उनके जीते जी ही अपना कब्जा जमा लिया और अपने सहोदर भाई आनंद की मदद से निरंतर मजबूत होती चली गईं, लेकिन जब से उन्होंने सत्ता प्राप्ति की गरज से ब्राह्मणों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर विकसित किया, तब से उन्हें अप्रत्याशित राजनीतिक सफलता तो खूब मिली, लेकिन उनका मूल कैडर इधर उधर छिटकने लगा।

इसके अलावा, जब से समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव से उनकी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भाजपा नेताओं की शह पर तेज हुई, तब से दलित समर्थक ओबीसी भी उनसे छिटकने लगे। वहीं, भाजपा के समर्थन से सत्ता की राजनीति जबसे उन्होंने शुरू की, तब से मुस्लिम वोटर भी बसपा से दूरी बनाने लगे। हालांकि, सत्ता संतुलन के लिए उन्होंने सवर्णों, ओबीसी और अल्पसंख्यक नेताओं को मलाईदार पद दिए, जिससे दलित भी उनसे ईर्ष्या करने लगे। इन सब कारणों से बसपा का जनाधार छीजता चला गया।

वहीं, कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरी वश वह बिल्कुल अकेले बच गई हैं। सवाल है कि तीन बार भाजपा या सपा के सहयोग से और एक बार अपने दम पर हासिल बहुमत से यूपी की मुख्यमंत्री बनने वाली मायावती, केंद्रीय राजनीति में अपने अच्छे-खासे सांसदों के बल पर दबदबा रखने वाली मायावती आखिर इस सियासी दुर्दिन को कैसे प्राप्त हुईं।

तो जवाब यही होगा कि एक ओर उनका पारिवारिक प्रेम और दूसरी ओर भावनात्मक रूप से जुड़े नेताओं-कार्यकताओं की मौद्रिक कारणों से उपेक्षा। हालांकि, जब तक वह इस बात को समझ पाई, तबतक बहुत देर हो चुकी है। आज उनके सांसदों और विधायकों की संख्या न के बराबर है। ऐसे में उनके घर में और पार्टी में जो पारिवारिक कोहराम मचा हुआ है, वह कोई नई बात नहीं है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं।

हालांकि, यह भी कड़वा सच है कि अपनी जिस जिद्दी स्वभाव के चलते वह सियासत में खूब आगे बढ़ीं, अब उसी जिद्दी स्वभाव के चलते उनकी पार्टी और परिवार दोनों बिखराव के कगार पर है। वहीं, 70 वर्षीय मायावती सूझबूझ से काम लेने के चक्कर में गलतियां पर गलतियां करती जा रही हैं। जिस तरह से वो अपने ही निर्णय को बार बार पलट देती हैं, उससे उनकी सियासी साख भी चौपट हो रही है। इससे सीएम-पीएम बनने का उनका ख्वाब तो चूर हो ही रहा है, लेकिन जोड़-तोड़ से राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति या राज्यपाल बनने या फिर केंद्रीय मंत्री बनने की बची खुची संभावनाएं भी समाप्त होती जा रही हैं।

चूंकि देश की दलित राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि ओबीसी नेताओं की तरह ही दलित नेता भी एक दूसरे राज्यों के बड़े दलित नेताओं से स्वभाविक समझदारी विकसित नहीं कर पाए और खुद को कमजोर करते चले गए। यूपी में तो मायावती ने दलितों को कद्दावर मुख्यमंत्री दिया, लेकिन बिहार आजतक उससे वंचित है। शायद इसलिए कि भाजपा-कांग्रेस ने अपनी सियासी हितों के लिए इन्हें भी आपस में लड़ाया और अपने इरादे में कामयाब रहे।

हाल ही में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को हटाते हुए उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ पर जो निशाना साधा निशाना है, इससे उन्हें लाभ के बजाय और अधिक हानि हो सकती है, क्योंकि ये पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे हैं और उनकी हर कमजोरी से वाकिफ हैं। यदि ये विभीषण बन गए तो उनका क्या होगा, सोच-समझ लें तो उचित रहेगा। दरअसल, मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है लेकिन इसके लिए उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को ज़िम्मेदार ठहराया है।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी अहम पदों से हटा दिया और कहा कि अहम फैसले अब वह खुद लेंगी। उन्होंने यह भी कहा है कि जब



तक वह ज़िंदा रहेंगी, तब तक उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि उनके लिए पार्टी पहले है और बाकी रिश्ते-नाते बाद में। बता दें कि 2019 में मायावती ने आकाश को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था और अपने छोटे भाई यानी आकाश के पिता आनंद कुमार को बीएसपी का उपाध्यक्ष बनाया था।

इसके बाद से ही मायावती पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे आरोप पार्टी के भीतर और बाहर दोनों जगह लग रहे थे। कई लोग यह भी कहते हैं कि पार्टी के पुराने नेता आकाश आनंद को लेकर बहुत सहज नहीं थे। ऐसे में दिलचस्प है कि अब आकाश आनंद की जगह उनके पिता आनंद कुमार और साथ में रामजी गौतम को राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया है। साथ ही अपने भतीजे को सभी अहम पदों से हटाने के फैसले को सही ठहराते हुए मायावती ने बीएसपी के संस्थापक कांशीराम का हवाला दिया है। उन्होंने कहा कि कांशीराम पार्टी में परिवार और रिश्तेदारों के काम करने के खिलाफ नहीं थे लेकिन उन्हें बाकी कार्यकताओं से ज्यादा विशेषाधिकार मिले, इसके खिलाफ थे।

ऐसे में सवाल है कि मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को बीएसपी से क्यों निकाला था? क्या पारिवारिक कलह से जूझ रही हैं पार्टी सुप्रीमो? ऐसे में मायावती के भतीजे आकाश आनंद क्या उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी बन पाएँगे? क्योंकि मायावती के पुराने तेवरों की वापसी से मिलते नए संकेत से पता चलता है कि इसका भावी असर क्या होगा? ये तो वही जानें।

दरअसल, लखनऊ में रविवार को बीएसपी की बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि कांशीराम के पदचिह्नों पर चलते हुए ही आकाश आनंद को सभी पदों से हटा दिया गया है और उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया गया है। अशोक सिद्धार्थ ने पार्टी को पूरे देश में दो गुटों में बाँटकर कमजोर किया है। बीएसपी ने कहा है कि अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर निकालने के बाद यह देखना होगा कि उनकी लड़की यानी आकाश आनंद की पत्नी प्रज्ञा पर इसका क्या असर पड़ता है और यह भी देखना होगा कि पत्नी का प्रभाव आकाश पर कितना पड़ता है। बीएसपी का कहना है कि इस आकलन पहले कुछ भी सकारात्मक नहीं लग रहा है।

पार्टी का कहना है कि आकाश आनंद के खिलाफ जो कार्रवाई की गई, उसकी ज़िम्मेदारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की बनती है। क्योंकि अशोक सिद्धार्थ के कारण ही पार्टी का तो नुकसान हुआ ही है, आकाश आनंद का राजनीतिक करियर भी खराब हो गया है। मायावती ने यह भी कहा है कि अशोक सिद्धार्थ से मिले सबक के बाद आनंद कुमार ने अब अपने बच्चों का रिश्ता गैर-राजनीतिक परिवार में जोड़ने का फैसला किया है, ताकि बीएसपी के आंदोलन पर नकारात्मक असर ना पड़े।

बता दें कि अशोक सिद्धार्थ भी बीएसपी और मायावती के लिए कोई अनजाने व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि मायावती के वफादरों में अशोक सिद्धार्थ का नाम पहली पंक्ति में आता था। लेकिन गत 12 फरवरी 2025 को मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि दक्षिणी राज्यों के प्रभारी डॉ अशोक सिद्धार्थ चेतावनी के बावजूद गुटबाजी में लगे थे। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण बीएसपी से निष्कासित कर दिया गया है। इस पर मायावती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम के पद चिन्हों पर चलकर मैं भी एक ईमानदार व निष्ठावान शिष्या और उत्तराधिकारी के नाते अशोक सिद्धार्थ को आंदोलन के हित में पार्टी से बाहर कर दिया है। इसके बाद से उनके परिवार का अंतर्कलह और बढ़ गया।

दरअसल, अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा सिद्धार्थ से ही आकाश की शादी 2023 में हुई थी। तब अशोक सिद्धार्थ को बीएसपी में मायावती के बाद दूसरी पंक्ति के अहम नेता के रूप में देखा जाता था। क्योंकि मायावती ने ही अशोक सिद्धार्थ को राज्यसभा भी भेजा था और दक्षिण भारत में पार्टी के विस्तार की ज़िम्मेदारी दी थी। मायावती से संबंधों में भरोसे के कारण ही मार्च 2023 में अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा और आकाश आनंद की शादी हुई थी। कहा जाता है कि आकाश को दोबारा राष्ट्रीय समन्वयक बनाने में अशोक सिद्धार्थ की अहम भूमिका थी।

वहीं, बीएसपी में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और अशोक सिद्धार्थ के बीच काफी तनातनी की खबरें पहले से ही आ रही थीं। जिसके चलते ही अशोक सिद्धार्थ को राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीएसपी कैंपेन का प्रभारी बनाया गया था लेकिन वहां भी पार्टी औंधे मुँह गिरी थी। ऐसे में सवाल है कि अब आकाश आनंद का क्या होगा, क्योंकि आकाश आनंद को दूसरी बार बीएसपी के राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया गया है। ऐसे में अब सुलगता सवाल यही है कि क्या आकाश आनंद का बीएसपी में भविष्य खत्म हो गया है?

हालांकि आकाश की जगह उनके पिता को ज़िम्मेदारी देने के बाद ऐसा लग नहीं रहा है कि उनका भविष्य खत्म हो गया है। क्योंकि मायावती करीब 70 साल की हो गई हैं और पार्टी को एक नौजवान नेता चाहिए। ऐसे में आकाश आनंद को भले अभी नेपथ्य में रख रही हैं लेकिन आखिरकार पार्टी की कमान परिवार के हाथों में ही आएगी। लेकिन चिंता की बात यह है कि पार्टी पिछले डेढ़ दशक में काफी कमजोर हुई है। पार्टी का जनाधार तेजी से गिरा है और अभी इस बात के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं कि बीएसपी अपना खोया जनाधार वापस पा लेगी।

बता दें कि बहुजन समाज पार्टी ने पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 488 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं, उत्तर प्रदेश बीएसपी का गढ़ रहा है। यूपी में भी पार्टी ने 79 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे लेकिन एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी का यही प्रदर्शन था। बहरहाल, बीएसपी का राष्ट्रीय स्तर पर वोट शेयर गिरकर महज 2.04 प्रतिशत रह गया है। उत्तर प्रदेश में भी बीएसपी का वोट शेयर 9.39 प्रतिशत ही रह गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी को 10 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन तब समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन था। वहीं, 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में तो बीएसपी को महज एक सीट पर जीत मिली थी। 2017 के विधानसभा चुनाव की तुलना में बीएसपी का वोट शेयर भी 22.23 प्रतिशत से गिरकर 12.88 प्रतिशत हो गया था। हालांकि, 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीएसपी को 19 सीटों पर जीत मिली थी। उसके बाद ही स्थिति को सुधारने के लिए 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी को जीत की रेस में लाने में वो भी नाकाम रहे थे। वहीं, हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी।

बता दें कि मायावती ने पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। तब हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है।

**-कमलेश पांडे**

## मोनिका डागा

## मची फगुनाहट

### कविता



चल रही मदमस्त पुरवाई,
मौसम ने ली है अंगड़ाई,
खेतों में फसलें लहलहाई,
खुशियां यहां–वहां बिखराई ।

फूल खिले रंग–बिरंगे प्यारे,
भंवरे गुनगुनगुन करते सारे,
अमुआ बैठ कोयल कुहू करे,
तन मन सुधा रस सुखद भरे ।

फागुन की मची फगुनाहट,
रंगों भरी प्यारी गुदगुदाहट,
अबीर गुलाल उड़े हर चौखट,
मनवा डोले इत उत नटखट ।

मुस्काएं मेरी सारी सखियां,
प्रीत रंग में रंगी मैं गुजरियां,
रंग दे मोहे आज सांवरिया,
हरा, लाल, गुलाबी, केसरिया ।

₹आनंद₹ घन नटवर गिरधर,
पावन कर दे ये मन मंदिर,
कर दे चंचल मन को स्थिर,
ओ होरी के रसिया मनोहर ।


# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो



**विजय गर्ग**

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र-गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस,



अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार? सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ड्रग्स-फ्री इंडिया अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अलग-अलग जगहों पर हुए हादसे, दो बच्चों की मौत परिजनो में मचा कोहराम

**बुलंदशहर**। जिले में अलग-अलग हादसों में एक बालक, एक किशोर की जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। साथ ही परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है।औरंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ने वाला 16 वर्षीय आदित्य निवासी धौलाना जनपद हापुड़ स्कूल के ही हॉस्टल में रहता था। बताया गया कि सोमवार सुबह वह किसी की बाइक लेकर औरंगाबाद आया था। जब वह बालका मोड़ के निकट पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर स्कूल प्रशासन और उसके परिजनों को सूचना दी। हादसे के बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। दूसरी घटना- सड़क किनारे खड़े मासूम को कार ने मारी टक्कर भाई की शादी में शामिल होने के लिए आई बहन की खुशिया समय मातम में बदल गई। ननिहाल में आए उनके इकलौते पुत्र की हादसे में मौत हो गई।

# बोर्ड एग्जाम देकर लौट रहे बाइक सवार दो छात्रों की बस की टक्कर, मौके पर मौत

वेलकम इंडिया



**हाथरस**। जिले में अलीगढ़ एटा नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया इस हादसे में दो छात्रों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार दोनों छात्र अमित और आशीष बोर्ड परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रोडवेज बस की टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। वही दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों छात्रों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद दोनों छात्रों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आपको बता दे कि कोतवाली सिकंदराराऊ क्षेत्र के अलीगढ़ एटा नेशनल हाईवे पर नई कोर्ट के पास बाइक सवार दो छात्रों को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मारी दी। दोनों छात्र हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा दे कर अपने गांव कोंडरा जहांगीर पुर वापस लौट रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए।

एटा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मारी दी,इस हादसे में 16 वर्षीय अमित पुत्र बॉबी और 15 वर्षीय आशीष पुत्र अशोक की मौके पर मौत हो गई।पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर सिकंदराराऊ उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह और इलाका पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गए।वही दुर्घटना को लेकर बताया कि बाइक पर दो छात्र सवार थे जोकि परीक्षा देकर अपने गांव लौट रहे थे,बस ने टक्कर मार दी है दोनों की मौत हो गई है। हादसे की जानकारी मृतक छात्रों के परिजनों को दे दी गई।और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बस की तलाश की जा रही है।

## बिजनेस करने के नाम पर लिए रुपए वापस नहीं देने का आरोप

**कांधला**। कस्बे की सब्जी मंडी निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर बिजनेस करने के लिए दिए लाखों रुपए वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए तीनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान स्थित सब्जी मंडी निवासी मोहम्मद तकी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने तीन लोगों को कपड़े की जैकेट बचने के लिए पार्टनरशिप करने के लिए डेढ़ लाख रुपये एक साल पूर्व उधार दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी तीनों आरोपियों ने नहीं तो उसके रुपए वापस लौटा आए और ना ही बिजनेस में मुनाफे के रुपए दिए। मंगलवार को पीड़ित अपने रुपए लेने के लिए आरोपियों के पास गया था आरोप है कि आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए रुपए देने से मना कर दिया और अंजाम भुगतने की भी धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर एक्ट के दस दस हजार के इनामी दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**। बागेश्वर पुलिस ने लम्बी जद्दोजहद के बाद हत्या सहित अन्य संगीन धाराओं के आरोपी रहे दस दस हजार के इनामी आरोपियों को पुलिस और एसओजी की टीम ने सफलता पाई है।पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश के बाद पुलिस हरकत में आई और फरार चल रहे इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया।

कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया।और आखिरकार पुलिस की गिरफ्तारी से बचने की कोशिश करने के बाद भी दोनों इनामी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।जहां दोनों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों का अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।

मामले में तीसरा आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।मंगलवार को एसपी चंद्रशेखर घोड़के ने पत्रकार वार्ता करते हुए मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बागेश्वर कोतवाली में 13 फरवरी को हिमांशु मेहता उर्फ हेमू पुत्र गोपाल सिंह, नीरज कपकोटी पुत्र आनंद सिंह कपकोटी तथा दीपक खेतवाल पुत्र कुंदन खेतवाल के खिलाफ धारा 2/3 गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलप (निवारण) अधिनियम 1986 उप्र के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। हिमांशु मेहता जो कि गिरोह का सरगना है।उस पर हत्या सहित अन्य संगीन मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ थाना कपकोट में धारा 109/351(2)/ 352/ 324(2) /3(5)/103 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत पूर्व में भी गिरफ्तार किया जा चुका हैं। इसी क्रम में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का आरोपी नीरज कपकोटी, दीपक खेतवाल गिरफ्तारी से बच रहे थे।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल कैलाश नेगी, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, वरिष्ठ उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट, सहित एसओजी की टीम मौजूद थी।

# पुलिस अधीक्षक ने संतकबीरनगर में आयोजित अन्तरजनपदीय कुश्ती, कलस्टर काटकर किया उद्घाटन



**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में जनपद संतकबीरनगर में दिनांक 04.03.2025 से 06.03.2025 तक चलने वाली अन्तरजनपदीय कुश्ती, कलस्टर (महिला / पुरूष), (कुश्ती, बाक्सिंग, बाडी बिल्डिंग तथा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता) का श्री कांशीराम जी डिस्ट्रिक्ट स्टेडियम जनपद संतकबीरनगर में फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया तथा गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की ।उन्होंने विभिन्न जनपदों से आये खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं खेल भावना से खेल खेलने हेतु प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से दौड़ रहे ई-रिक्शा पर कसा शिकंजा



वेलकम इंडिया

**हाथरस**। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में अनावश्यक रूप से संचालित ई-रिक्शा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई । अभियान के तहत शहर क्षेत्रान्तर्गत सासनी गेट चौराहा, कॉटनमील फाटक, तालाबा चौराहा, पुलिस लाईन के सामने आदि स्थानों पर चेकिंग कर जनपद में अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा की चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना नम्बर, बिना रजिस्ट्रेशन, बिना वैध कागजात के चल रहे 28 ई-रिक्शा को एम.वी. एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया । चेकिंग के दौरान दोष पूर्ण नम्बर प्लेट, क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई ।दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें । यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे ।

# यमुना पूजन के साथ प्रारंभ हुआ अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन**। चामुंडा मोड़-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है।सर्वप्रथम संतों व भक्तों के द्वारा श्रीयमुना महारानी का पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर साथ चल रही थीं।

व्यासपीठ पर आसीन श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।साथ ही इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के सूत्र और सिद्धांत तथा समाधान निहित हैं।उन्हें समझ कर धारण कर जीवन में उतारने की परम-आवश्यकता है।



श्रद्धेय भैयाजी महाराज ने कहा कि सदगुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सदगुरु की परम-आवश्यकता होती है।इसीलिए हमें अपने जीवन में सदगुरु अवश्य बनाने चाहिए।जिससे कि हमारा कल्याण हो सके।

महोत्सव में पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास महाराज (हरिद्वार) एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) के अध्यक्ष श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) धर्म व अध्यात्म की बहुमूल्य निधि हैं।उन्होंने श्रीमद्भागवत, श्रीमद्रामायण एवं अपने उपदेशों के माध्यम से देश-विदेश में प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार करके असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया है।

महोत्सव में कलाधारी बगीची आश्रम के महन्त जयराम दास महाराज, गोरे दाऊजी मंदिर के महन्त प्रहलाद दास महाराज, महन्त रामप्रकाश त्यागी महाराज, महन्त लक्ष्मण दास महाराज, महन्त श्यामदास महाराज, महन्त अभय दास महाराज, महन्त शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज, महन्त योगेंद्र दास महाराज (सखी बाबा), महन्त वेदबिहारी दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विरक्त वैष्णव परिषद की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कांधला**। कस्बा निवासी किशोरी के साथ पड़ोसी युवक के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि रात्रि के समय व परिवार के साथ घर में सोया हुआ था आरोप है कि पड़ोसी युवक उसकी नाबालिग पुत्री को जबरदस्ती उठाकर एक खाली पड़े प्लाट में ले गया था और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी घटना को अनजान देकर उसकी नाबालिक पुत्री को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गया था।किशोरी के द्वारा होश आने पर घटना की जानकारी दी गई थी पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी रिहान पुत्र साजिद निवासी मोहल्ला रायजादगान को नाला नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई करते हैं आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

# देवराज हत्याकांड का हुआ खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला**। क्षेत्र के गांव श्याम गढ़ी निवासी पशुपालन विभाग कर्मचारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्यारों को जेल भेज दिया है।

तीन दिन पहले क्षेत्र के गांव श्यामगढ़ी निवासी देवराज की गांव के समीप ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक देवराज की पत्नी सोनिया ने गांव के ही मंजीत पुत्र मेनपाल,मंजीत पुत्र नेत्रपाल और एक अज्ञात व्यक्ति पर रंजिशन देवराज की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि जिडाना माइनर पर तीन संदिग्ध युवक बाइक पर सवार होकर आने वाले है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने अपनी टीम के साथ उक्त माइनर पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया और थाने ले आई। पूछताछ के दौरान तीनों ने अपने नाम मंजीत पुत्र नेत्रपाल,मंजीत पुत्र मेनपाल और अंकित पुत्र कालूराम निवासी ग्राम श्यामगढ़ी थाना कांधला बताया है। उक्त तीनों ने देवराज को गोली मारकर हत्या करना स्वीकार किया है। पूछताछ के दौरान मंजीत पुत्र मेनपाल ने बताया कि उसका पिता सीआपीएफ में जवान है और देवराज ने उसके पिता की शिकायत सीआरपीएफ के उच्चाधिकारियों से की हुई है कि मेनपाल फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर सीआरपीएफ में नौकरी कर रहा है,जिसकी विभागीय जांच चल रही है।

आरोपियों के अनुसार उन्होंने मृतक देवराज को कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना था। इसी कारण मंजीत पुत्र मेनपाल, मंजीत पुत्र नेत्रपाल और अंकित पुत्र कालूराम ने देवराज की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंजीत पुत्र मेनपाल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

# बिलौना में घर मे घुसकर गुलदार ने महिला पर किया हमला

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**। जिला मुख्यालय क्षेत्र में लगातार गुलदार की दहशत बनी हुई है। जजी परिसर से लेकर बिलौना तक लगातार दो गुलदार वन विभाग द्वारा रेस्क्यू किए गए हैं। सोमवार की रात गुलदार ने कफौली गांव में किचन में घुसकर मां और बेटी पर हमला कर दिया। घर के अन्य सदस्यों ने बमुश्किल महिला तथा बेटी को गुलदार के चंगुल से मुक्त कराया। बाद में गुलदार घर बाहर एक चूल्हे की अंगीठी में फंस गया। घर मे गुलदार के घुसते ही घर मे चींखपुकार मच गई।तभी तेज आवाज और गुलदार की गर्जना सुनकर आसपास के लोगों ने भी हो हल्ला शुरू कर दिया।तभी घबराहट में गुलदार अंगीठी में फंस गया।मामले कि सूचना वन विभाग को दी गई।जिसके बाद तत्काल वन विभाग की टीम गुलदार को रेस्क्यू करने पहुंची। गुलदार के हमले से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।कफोली गांव में अचानक गुलदार शिकार की तलाश में त्रिलोक चंद्र पांडेय के किचन में घुस गया। किचन में उनकी पत्नी कमला देवी तथा बेटी खाना बना रहे थे। गुलदार ने उन पर हमला बोल दिया। शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्यों ने दोनों को गुलदार के चंगुल से मुक्त किया। बाद में गुलदार घर के बाहर बने चूल्हे में फंस गया। मोके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को रेस्क्यू किया तथा घायल 45 वर्षीय कमला देवी को जिला अस्पताल में भर्ती किया। जहां उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर क्षेत्र में भी गुलदार की धमक के चलते लोगों में भय व दहशत बनीं हुई है। वही वन विभाग ने सभी लोगों से रात्रि के समय सतर्कता बरतने की अपील की है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



**हाथरस**। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव व जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी द्वारा महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा मंत्री को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमें आरटीई के अंतर्गत अध्यनरत छात्राओं की शुल्क प्रतिपूर्ति की अवशेष धनराशि सत्र 2023- 24 की 6843 924/- एवं वर्ष 2024 25 की धनराशि 3647 51 42 की धनराशि जनपद हाथरस को अति शीघ्र अब मुक्त करने की कृपा करें एवं आरटीई अधिनियम 2009 को लागू हुए लगभग 14 वर्ष हो चुके हैं, परंतु अभी तक विद्यालयों को 450 रुपए प्रतिमा की दर से भुगतान किया जा रहा है। शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि को 800 रुपये प्रति माह करने पर विचार किया जाए। सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड एवं राज्यों के सिलेबस अलग-अलग हैं इन सभी को एक करने पर सहानुभूति पूर्व विचार करें व नई शिक्षा नीति के अनुसार समस्त बोर्ड के विद्यालयों को कक्षा 1 से 5 तक क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने का आदेश जारी करने की कृपा करें जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति भेदभाव पैदा ना हो सके व यू डाइस पर नाम जोड़ने की जो सुविधा प्रदान की गई है। इसी प्रकार स्कूल संचालकों को छात्र-छात्राओं के नाम में भी सुधार करने की सुविधा प्रदान की जाए जिससे अपार आईडी का कार्य समस्त स्कूल संचालक अति शीघ्र पूरा कर सकें उक्त मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रेषित की गई।

# पेंशन जीपीएफ की पत्रावली उप शिक्षा निदेशक को भेज दी : डीआईओएस

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ से मिलकर 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और विन्दुवार वार्ता की। वार्ता के उपरांत जनपद के 25 मध्य विद्यालय का वेतन निर्गत कर दिया गया। सेवानिवृत्त होने वाले 4 प्रधानाचार्यो, 4 शिक्षकों व 8 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पेंशन, जीपीएफ पत्रावली उप शिक्षा निदेशक को प्रेषित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि एनपीएस राज्यांश का मौजूद बजट के सापेक्ष अपडेट कर दिया गया है। 3 करोड रुपए की और डिमांड की गई है। स्थानान्तरण पत्रावली पर इच्छुक शिक्षकों को एनओसी दिलवायी जाय। जनपद के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की वरिष्ठता सूची निर्गत किया जाय।

प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों के लम्बित चयन वेतनमान, प्रोन्नति वेतनमान व पदोन्नति के प्रकरण का निस्तारण किया जाय। नोशनल पेंशन स्कीम के तहत शिक्षकों के अवशेष पत्रावलियों को उप शिक्षा निदेशक को प्रेषित कराया जाय।सामूहिक जीवन बीमा के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाय। प्रोजेक्ट अलंकरण योजना के लम्बित पत्रावली शिक्षा निदेशक को प्रेषित कराया जाय।

इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश राम, जिला मंत्री गिरजानंद यादव, मोहिबुल्लाह खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन देकर शुरू हुई यात्रा



वेलकम इंडिया

**नजीबाबाद**। भाकियू महात्मा टिकैत की चार दिवसीय पद यात्रा चौथरी सुखविंदर सिंह जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आज चार मार्च 2025 को उपजिलाधिकारी अधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन देकर शुरू हुई ,इस यात्रा के मुख्य बिंदु गन्ना मूल्य वृद्धि तहसीलों मे व्याप्त भ्रष्टाचार ,बिजली से संबंधित समस्याओं से आम जनमानस और किसानों को राहत, जिले में व्याप्त हिंसक पशुओं (गुलदार) के आतंक से निजात आदि है। यात्रा का अगला पढ़ाव नगीना तहसील है, जहां आज शाम को एसडीएम साहब को ज्ञापन दिया जाएगा जो मुख्यमंत्री के नाम संबोधित होगा ,पैदल यात्रा में जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह जी के साथ जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर और जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कफील अंसारी जिला प्रभारी राजवीर चौधरी ,जिला संगठन मंत्री जगबीर सिंह ,जिला महासचिव विकास चौधरी ,तहसील अध्यक्ष सतपाल शर्मा ,कोषाध्यक्ष सज्जाउद्दीन ,युवा महासचिव कृष्णा पाल ,साकिब अंसारी मीडिया प्रभारी सहजाद मलिक, जिला मिडिया प्रभारी जकि मलिक और बहुत सारे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ईद मेले का ठेका 28 लाख 50 हजार में छूटा

वेलकम इंडिया



**टांडा जिला रामपुर।** मंगलवार को नगर पालिका के सभागार में ईद मेला और ठेका नखासा की नीलामी हुई ।पालिकाध्यक्ष,तहसीलदार और ईओ की मौजूदगी में हुई नीलामी में ईद मेले का ठेका 28 लाख 50 हजार रुपये में शाहजेब के नाम व

ठेका नखासा एक लाख 87 हजार रुपये में हाजी लियाकत अली के नाम छूटा। ईद मेला की अवधि पांच दिन रहेगी ।मंगलवार को नगर पालिका के सभागार में अध्यक्ष साहिबा सरफराज, तहसीलदार शिव कुमार और इओ पुनीत कुमार की उपस्थिति में ईद मेला व नखासा ठेका की बोली लगी ।नीलामी से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा ठेके की शर्तों एवं नियमों को पढ़कर सुनाया गया। ईद मेले की पहली बोली नगर के सईद की 20 लाख रुपये आयी, दूसरी बोली अंसब अली 21 लाख,जबकि तीसरी बोली नाजिम बेग की 22 लाख रुपये आयी ।इस तरह सर्वाधिक बोली 28 लाख 50 हजार रुपये के आधार पर ईद मेले का ठेका नगर निवासी शाहजेब के नाम छूटा ।ठेका मेला में कुल 18 ठेकेदारों ने भाग लिया ।ठेका मेले के लिए नीलामी से पूर्व प्रत्येक ठेकेदार से दस लाख रुपये जमानत राशि के तौर पर ड्रॉफ्ट द्वारा जमा कराये गए थे।

जबकि ठेका नखासा सर्वाधिक बोली एक लाख 87 हजार रुपये के आधार पर पुराने ठेकेदार हाजी लियाकत अली के नाम छूटा ।ईद मेला की अवधि पांच दिन निर्धारित की गई है ।गौरतलब है कि नगर में करीब एक शताब्दी से रमजान माह के बाद ईद का चांद नजर आते ही ईद मेला लगता है ।मेले में मनोरंज के साधनों के साथ-साथ जरूरत के विभिन्न सामानों की दुकानें लगती हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम, प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार सहित सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, हाजी हारून, मुल्ला मुशर्रफ, मोहम्मद शफीक,मेराजुल इस्लाम, नेता तस्लीम, साकिब सैफी और फारूक हुसैन अक्खू आदि मौजूद रहे।

अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि ईद मेले के आयोजन हेतु सम्बंधित विभागों से अनुमति प्राप्त करने की जिम्मेदारी सम्बंधित ठेकेदार की होगी ।मेले में सरकार द्वारा प्रतिबंधित किसी सामग्री का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

## जिंदा जल गया मचान पर सो रहा किसान, परिवार में मचा कोहराम

**बुलंदशहर।** जनपद के अहार थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद तहारपुर में खेत में बनी मचान में आग लगने से सो रहा 45 वर्षीय किसान कमल की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। मचान में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। भाकियू॰महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने सरकार और जिला प्रशासन से पीड़ित किसान परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराने की मांग की है। प्राप्त विवरणनुसार फसल की रखवाली करने गए अहार थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद तहारपुर निवासी कमल (45) पुत्र कंछिद सिंह ने सिद्ध बाबा गंगा घाट के पास लगान पर खेत ले रखा था बताया गया कि चार दिन पूर्व उसने खेत में मटर की बुआई की थी। फसल की रखवाली के लिए खेत में ही उसने झोपड़ीनुमा मचान बना रखी थी मचान के ऊपर बैठकर कर वह आवारा पशुओं से फसलों की रखवाली करता था। सोमवार की देर रात को कमल का छोटा बेटा खेत पर उसे छोड़कर आया था।

# डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया ने किये कृषि यंत्र वितरण

वेलकम इंडिया




**बिजनौर।** विकास खण्ड नूरपुर में डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा नदियों के लिए जीवन, जीवन के लिए नदियां कार्यक्रम के अन्तर्गत करूला एवं गांगन नदी के संरक्षण हेतू स्थानीय कृषकों को कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख नूरपुर आकांक्षा चौहान ने क्षेत्र के प्रगति शील किसानों को 10 नग ट्रेंचर कृषि यंत्र वितरित किए।

उन्होंने बताया कि गन्ने में ट्रेंच खेती को बढ़ावा देने से उपज बढ़ती है खेती में पानी एवं ऊर्वरक की बचत होती है जिससे कृषि लागत भी कम होती है। ट्रेंचर प्राप्त करने वाले कषकों में अवनीश कुमार, धर्मपाल, मोहम्मद फुरकान, नरेश सिंह, दिलबर सिंह, सुशील कुमार, गोपाल सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप चिकारा एवं अनिल कुमार शामिल रहे।

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया टीम की ओर से प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज दिवाकर ने किसानों को बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया करूला और गागन नदियों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। इन नदियों के तटीय गांव के किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे जल संरक्षण के साथ साथ नदियों के जलीय जीवों का भी संरक्षण किया जा सके।

## बयारा गांव में शांति कमेटी की बैठक, अफवाह फैलाने वालों को नहीं बख्शा जाएगा



**भवानीगंज/सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के बयारा गांव में आगामी त्यौहार होली , ईदुल फितर व रमजान माह को लेकर मंगलवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा व थानाध्यक्ष भवानीगंज अमित कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने सभी धार्मिक गुरुओं और गणमान्य नागरिकों को शासन की गाइडलाइन से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने कहा कि दोनों त्योहार महत्वपूर्ण हैं और सभी को आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या की सूचना तुरंत देने को कहा। सीओ बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि त्योहारों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने क्षेत्र की शांतिपूर्ण परंपरा को बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचने की सलाह दी। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी ।बैठक में क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है श्रीमद्भागवत: पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है। गोकर्ण ने भी अपने पिता आत्मदेव को श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उपदेश दिया था। यह बात पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी ने कही। नगर पंचायत बिस्कोहर के पंडित दीनदयाल नगर उत्तर यादव डीह में वह श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन सोमवार रात को श्रद्धालुओं को गोकर्ण-धुंधकारी का प्रसंग सुना रहे थे। उन्होंने बताया कि धुंधकारी के प्रेत योनि में चले जाने पर गोकर्ण ने दोबारा श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई थी। उपदेश दिया कि प्रभु को पाने के लिए देह आसक्ति और गेह आसक्ति छोड़नी होगी। शरीर और घर से मोह त्यागने वाला ही प्रभु को पा सकता है ।पंडित मुनींद्र मणि शास्त्री और पंडित किशन पाठक ने विधि विधान से पूजन कराया। मुख्य यजमान रामदेव यादव ने आरती की। कथा श्रवण करने वालों में रामदेव यादव , घनश्याम यादव, भाजपा नेता राधेश्याम उर्फ पंडित यादव, राम शंकर यादव, विकास सिंह, मोना पांडेय, संजय सिंह, मंसाराम यादव, जनक राम, राजा बाबू , पवन , राकेश, बब्बू यादव आदि श्रद्धालु मौजूद रहें।

## चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना सिद्धार्थनगर की पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 31/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त गौस मोहम्मद उर्फ राज पुत्र जावेद अहमद निवासी हमीदनगर पुरानी नौगढ को सिंहेश्वरी मंदिर के पीछे बागीचे के पास से एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अनिल कुमार ओझा, उ0नि0 जगतनरायण यादव, हे0का0 हरिकेश यादव, अशोक पासवान शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालय सूपाराजा में मनाया वार्षिकोत्सव

वेलकम इण्डिया




**बांसी/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बांसी के प्राथमिक विद्यालय सूपाराजा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने आर्कषण प्रस्तुति पेशकर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जया साहनी ने दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाध्यापिका ने छात्र - छात्राओं को भारतीय संस्कृति को कायम रखने और जीवन मे आने वाले उतार -चढ़ाव का मजबूती से मुकाबला करते हुए लक्ष्य हासिल करने की बात कही।

कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें निखरने दें। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है इसकी गरिमा को शिक्षक एवं ग्रामवासी दोनों बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय से पढ़कर ही कोई भी व्यक्ति शिक्षक, इंजीनियर, अच्छे राजनेता एवं उच्चाधिकारी बनते हैं। गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करें तभी आप उच्चतम शिखर पर पहुंचेंगे।

प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि नए सत्र के प्रारंभ में अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन जरूर कराएं। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भारत माता वंदन के साथ कक्षा 2 व 3 के मीना , महिमा , साक्षी, नाजिया, प्रिया, मुजम्मिल, विकास, अन्नू आदि बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण और सुदामा का मंचन लोगो को मंदमुग्ध कर दिया। इसके साथ बच्चों ने प्लास्टिक बैन व शराब मुक्ति पर सुंदर नाटक की प्रस्तुति भी की।

कार्यक्रम की व्यवस्था विद्यालय के अध्यापक राजमणि , उमापति व योगेश मणि और संचालन सहायक अध्यापक अंजनी कुमार झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर अध्यापिका श्वेता रानी गर्ग, संगीता पांडेय, ग्राम प्रधान कुलदीप पासवान, सिद्धार्थ त्रिवेदी व अभिभावक मौजूद रहे।

# डीएम ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का किया निरीक्षण



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज शुक्ला के साथ नौगढ़ स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की प्रधान सहायक विनय कुमार अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया जबकि डीएम ने पुष्टाहार के प्राप्ति और वितरण रजिस्टर मांगा तो सीडीपीओ नौगढ़ गौरी शंकर ने बताया कि रजिस्टर प्रधान सहायक के पास है डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन पोषण ट्रैकर और सैम/मैम बच्चों के चिन्हांकन की जानकारी ली। सीडीपीओ गौरी शंकर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए इस पर डीएम ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा साथ ही निर्देश दिया कि डीपीओ और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दिव्यांशी यादव पोषण ट्रैकर से लाभार्थियों से फोन का संपर्क पोषाहार वितरण की जानकारी लें

# डीएम की अध्यक्षता में चिकित्सा प्रबंधन समिति की हुई बैठक

वेलकम इण्डिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता मे जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की गई। डीएम ने आवश्यक उपकरणों,औषधि की खरीद की समीक्षा की व प्रबंधन समिति के तहत कार्यरत कार्मिकों के विगत तीन माह का रुका हुआ मानदेय तत्काल आहरित करने के निर्देश सीएमएस को दिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए समर्पित होकर कार्य करने एवं नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। पूर्व में पैथोलॉजी और एक्सरे के सहायक उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया पारदर्शी और मानकों के अनुरूप की गई है या नही की जांच एडीएम स्तर की जांच कमेटी करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और आवश्यक उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन करें और नागरिकों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करें।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं ग्रांउण्ड फ्लॉवर में मरीजों की सुविधा के लिए निश्चित स्थान पर व्हीलचेयर,स्ट्रक्चर आदि की उचित व्यवस्था, अस्पताल परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरे चालू हालात में रखने एवं डॉक्टर्स एवं कार्मिकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक दर्ज कराने, सभी वार्डों में बैड के ऊपर की चादरें कलर कोडिंग के साथ नियमित रूप से बदलने के निर्देश दिए ।साथ ही चिकित्सालय परिसर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की होर्डिंग स्थापित करने के भी निर्देश दिए। विधायक पार्वती दास ने कहा जिला चिकित्सालय में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ के अवकाश से वापस नही आने तक गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही ।साथ ही जिला अस्पताल जिले की लाइफ लाइन होने के चलते जिला अस्पताल में मरीजों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई ।विधायक पार्वती दास की राय पर जिलाधिकारी ने तत्काल ही शासन को पत्राचार करने के निर्देश सीएमएस को दिए। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश सिंह खेतवाल ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को अच्छी सुविधा मिले इसके लिए हम सबको प्रयास करना चाहिए।

बैठक में सीएमओ डॉ. आदित्य कुमार तिवारी,सीएमएस डॉ. एसपी त्रिपाठी,वरिष्ठ कोषाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय सहित चीफ फार्मेसिस्ट पीएस ऐठानी सहित जिला अस्पताल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर बिजनौर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक/ सेविकाओं द्वारा सात दिवसीय कैंप का चौथा दिन स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया।

स्व. दिलावर सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के निर्देशक डॉ अनुज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, व आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर रखता है स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा सपना सभी के लिए संपूर्ण स्वच्छता है। स्वच्छ भारत की अवधारणा का आधार स्वच्छता सुविधाओं जैसे कि स्वच्छ शौचालय, ठोस और तरल अपशिष्ट निपटान प्रणाली, गांव की साफ सफाई तथा सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति को हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरजीत सिंह, रूबी शर्मा, डॉ सूर्य प्रताप, डॉ लक्ष्य कुमार, डॉ सौरभ वर्मा, गीतांशु चौधरी, गजेंद्र कुमार, हर्षिका चंद्रा, समसी जहरा, सना परवीन, रिहान अनवर, पुरन व स्वयंसेवक/ सेविकाओं ने कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अरविन्दर सिंह लवली के खिलाफ गुर्जर समाज में भारी रोष व्याप्त

वेलकम इंडिया

**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिल्ली के उप राज्यपाल, दिल्ली के विधानसभा अध्यक्ष, दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष को अलग अलग पत्र भेजकर दिल्ली विधानसभा के अस्थाई सभापति एवं विधायक के खिलाफ संगठनात्मक वैधानिक कार्यवाही कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि अस्थाई सभापति के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो विधायक सहित भाजपा के विरुद्ध धरना -प्रदर्शन और जन आन्दोलन किया जायेगा।

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार महामंत्री डॉ॰ मनोज कटारिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, दिल्ली के उप राज्यपाल, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र सचदेवा को अलग अलग भेजे पत्र में कहा है कि विगत दिनों दिल्ली विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ के दौरान बदरपुर विधानसभा के कई बार से निर्वाचित विधायक राम सिंह नेताजी गुर्जर सहित गुर्जर समाज को विधानसभा के अस्थाई सभापति एवं विधायक अरविन्दर सिंह लवली ने अपमानित करने का काम किया हैं।

इस घटना से अरविन्दर सिंह लवली सहित भाजपा के प्रति गुर्जर समाज में भारी आक्रोश एवं गहरी नाराजगी व्याप्त हैं। जिससे आगामी



विधानसभाओं एवं लोकसभा सहित अन्य चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान होने की पूरी संभावनायें है। क्योंकि पूरे देश के गुर्जर समाज का लगभग 95 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में होता आ रहा हैं।

डॉ॰ मनोज कटारिया ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के अस्थाई सभापति एवं विधायक अरविन्दर सिंह लवली लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी में राजनीति करते रहे हैं और वे इन दिनों व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते भाजपा में शामिल हुए हैं, जबकि उन्हें भाजपा से कोई लगाव नहीं हैं। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार महामंत्री डॉ॰ मनोज कटारिया ने भेजे पत्र में कहा है कि दिल्ली विधानसभा में विगत दिनों नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ के दौरान हुई घटना की अखिल भारतीय गुर्जर महासभा घोर निंदा करती हैं और इस प्रकरण से पूरे गुर्जर समाज में आक्रोश एवं गहरी नाराजगी व्याप्त हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से गुर्जर समाज के आक्रोश और नाराजगी को दूर करने के लिए अस्थाई सभापति एवं विधायक अरविन्दर सिंह लवली के खिलाफ संगठनात्मक वैधानिक कार्यवाही कराने की माँग की हैं और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस घटनाक्रम के दोषी लवली के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो अखिल भारतीय गुर्जर महासभा सर्वसमाज को साथ लेकर विधायक अरविन्दर सिंह लवली सहित भाजपा के विरुद्ध धरना- प्रदर्शन एवं जनआन्दोलन करने के लिए विवश होंगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन- प्रशासन सहित भाजपा हाईकमान की होंगी।

# मेरठ दवाई लेने जा रहे दंपती की मौत,सात माह की गभवर्ती थी पत्नी, दो बेटियां गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** हसनपुर से कार में सवार होकर मेरठ जा रहे दंपती के साथ हुआ बड़ा हादसा जानकारी के अनुसार पत्नी सीमा सैनी (35) वर्ष की है जिनकी मौके पर मौत जबकि पति चमन सैनी (40) वर्ष की उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई। पोस्टमार्टम के बाद दंपती के शव हसनपुर पहुंचे तो परिजनों में चीख पुकार मच गई।

बताया गया कि हसनपुर के मोहल्ला कोट पूर्वी रहरा रोड शिव मंदिर के सामने रहने वाले चमन सैनी का परिवार रहता है। वह मोबाइल की दुकान के साथ-साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते थे। रविवार दोपहर को वह अपनी गर्भवती पत्नी सीमा सैनी तथा दो बेटियों के साथ कार में सवार होकर मेरठ से दवाई लेने जा रहे थे।

हापुड़ क्षेत्र में फ्लाईओवर के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में परिवार में कार सवार चारों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां सीमा सैनी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं चमन सैनी को मेरठ रेफर कर दिया गया, देर रात उपचार के दौरान चमन सैनी की भी मौत हो गई। दोनों बेटियां शिखा और ऐली की हालत गंभीर है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दंपती का शव घर पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार सीमा सात महीने की गर्भवती थी। दोनों बेटियों का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। एक साथ उठी पति-पत्नी की अर्थी तो हर आंख हुई नम

हसनपुर के दंपती की सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने पर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद जब दोनों के शव सोमवार की दोपहर बाद घर पहुंचे तो परिवार में मातम छा गया। दोनों की अर्थी एक साथ उठी तो हर आंख नम हो गई। उधर मां-बाप की मौत से दो बेटियों के सिर से उनके मां-बाप का साया उठ गया है।

## बाइक सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा हुई मौत

**शिकारपुर।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर जलालपुर कटोरा मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई इस मामले में मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर कटोरा निवासी 75 वर्षीय बालकिशन शर्मा खेती-बाड़ी करते थे रविवार को वह किसी काम से पड़ोसी गांव रानउ गए थे घर लौटते समय जलालपुर कटोरा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सीओ शिव ठाकुर ने बताया कि मृतक के पुत्र राम शर्मा के द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कैंट बोर्ड संविदा कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**वेलकम इंडिया**




**मेरठ।** कैंट बोर्ड संविदा कर्मियों को वेतन में देरी के कारण कर्मचारियों में गुस्सा देखा जा रहा है कर्मचारीयों का आरोप है कि कम्पनी द्वारा समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण बच्चों के स्कूल की फीस घर में रोजमर्रा के खर्चे व अन्य समस्या से जूझना पड़ता है जबकि विभाग द्वारा लेबर कॉन्टैक्टर/ क्यू सिक्योरिटी को जनवरी माह के पहले हफ्ते में संविदा कर्मियों का वेतन दिया जा चुका है वहीं संविदा कर्मियों ने बताया होली पर्व भी नजदीक है जनवरी फरवरी का वेतन अभी तक कम्पनी द्वारा नहीं दिया गया है। फाइनेंस की समस्या से परिवार जूझ रहा है।

बता दें लेबर कॉन्टैक्टर व विभाग के बीच एग्रीमेंट में साफ लिखा गया है कि कम्पनी कैंट संविदा कर्मियों का वेतन अपने पास देगा तद्उपरांत कैंट बोर्ड को बिल सम्मिट के बाद भुगतान किया जाएगा लेकिन यहां स्थित अलग बताई जा रही है विभाग द्वारा भुगतान मिलने के बाद भी कॉन्टैक्टर द्वारा दो माह का वेतन नहीं दिया गया।

कैंट बोर्ड ऑफिस सुपरीटेंडेंट जयपाल सिंह तोमर ने बताया क्यू सिक्योरिटी कम्पनी अपने पास से भुगतान कर रही है। आज रात तक दैनिक वेतनभोगी को भुगतना होने की पुरी सम्भावना है। भुगतान सीधा खाते में जाता है। वहीं उन्होंने बताया

जनवरी में जो भुगतान हुआ है वह कम्पनी दिसम्बर का भुगतान पहले ही दे चुका है।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का वृहद स्वरूप में शुभारम्भ किया गया

**वेलकम इन्डिया**




**प्रतापगढ़।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आलोक कुमार एवं राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी की उपस्थिति में प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का वृहद स्वरूप में शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अध्यनरत कक्षा-9 एवं 11 के छात्र/छात्रायें कौशल वर्द्धन हेतु निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। शासन द्वारा प्रथम चरण में जनपद के 03 माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें जीआईसी सदर एवं जीजीआईसी खरवई में हेल्थकेयर सेक्टर का फाउन्डेशन कोर्स एवं राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज मानिकपुर में बीएफएसआई सेक्टर के अन्तर्गत बैंक आफिस एसोशिएट/फाइनेंशियल सर्विसेस का कोर्स कराया जायेगा जिसके पंजीकरण की प्रक्रिया 04 मार्च 2025 से प्रारम्भ कर दिया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त सफल प्रशिक्षणार्थियों को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जायेगा। जिला समन्वयक द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु अधिकाधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को पंजीकरण कराने की अपील की गयी। शुभारम्भ के अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज खरवई की प्रधानाचार्या शिखा, जिला एम0आई0एस0 प्रबन्धक वन्दना सिंह एवं मृत्युंजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डीडीयू-जीकेवाई एवं प्रशिक्षण प्रदाता रवीन्द्र पाण्डेय, यज्ञ नारायण मेमोरियल सेवा संस्थान के सर्वेश कुमार राय, राम मिलन सिंह शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि मोहित सिंह उपस्थित रहे।

# पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई

**वेलकम इंडिया**



**नजीबाबाद।** बिजनौर का मामला पीड़ित 70 वर्षीय बूढी महिला ने राज्य मानव अधिकार आयोग व डीजीपी महोदय लखनऊ को पत्र भेजकर अपने पुत्रों के खिलाफ षड्यंत्र रचकर झूठे मुकदमें मैं फंसने वालो के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और उसके पुत्रों के खिला कोई झूठा मुकदमा दर्ज न हो पुलिस उत्पीड़न व गांव के दलालों सेकी बचाने की गुहार लगाई विधवा आमना का कहना है कि उसके गांव के जाहिद वाजिद वाहिद पुत्रगण मकबूल शाह दबंग किस्म के लोग हैं जो आए दिन उसके परिवार को तंग में परेशान करते रहते हैं 31/3/2023 को थाना थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 172/2023 धारा 323 504 506 दर्ज हुआ था जो न्यायालय में विचाराधीन है जिस पर फैसला करने के लिए आरोपी लगातार प्रयास करते रहे और इनकार करने पर 16 फरवरी 2025 को उसके पुत्र शमशेर के ऊपर हमला किया जान से मारने की कोशिश की उसके बाद गुलशेर की गेहूं की फसल बर्बाद को अपनी 19 फरवरी 2025 को जिसकी शिकायत थाना नजीबाबाद में की थी थाने में रसीद नहीं दी गई तो पीड़िता ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई आरोपी ग्राम प्रधान गांव के दलालों को लेकर पंचायत कर लगातार फैसले का दबाव डालते रहे पीड़िता व उसके पुत्रों शमशेर व गुलशन ने फैसले से इनकार कर दिया 3 मार्च 2025 को दोपहर 2:30 बजे वाजिद ने अपनी पत्नी गुलसना को बुरी तरह मारा पीटा जिस गांव के कई लोगों ने देखा एक आए हुए मेहमान सद्दाम ने भी भी घटना को दिखा वाजिद अपनी पत्नी को नजीबाबाद थाने ले गया और वहां पर उसके पुत्र गुलशेर व शमशेर के खिलाफ मारपीट करने का झूठा प्रार्थना पत्र दे दिया जबकि दोनों पुत्र गांव में नहीं थे और पुत्रवधू जीना दोपहर 12:00 बजे से जंगल में बकरियां चराने गई थी इस दिनांक को शाम 5:00 बजे नजीबाबाद थाने से दो पुलिस वाले जिम एक का नाम अंकित कुमार है आए और कह कर गए की गुलशेर शमशेर को पुलिस चौकी आदर्श नगर भेज देना और जो जाहिद और वाजिद से झगड़ा किया हुआ है उसे पर फैसला कर ले अन्यथा मुकदमा लिखकर जेल भेजेंगे ग्राम प्रधान गांव के लोगों ने कोशिश करी फैसला करने की दोनों भाई नहीं माने हैं पीड़िता का कहना है गांव के दलाल जो पुलिस के नाम पर पैसा लेकर लोगों को पकड़वाने और छुड़वाने का काम करते हैं हलके के पुलिस वालों से मिलकर उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं पीड़िता अपने परिवार को पुलिस उत्पीड़न से बचाने और अपना मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत

**शिकारपुर।** नगर में घर के पास 45 वर्षीय युवक कुएं में गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकलवाया गया। कुएं में गिरे युवक को गंभीर चोट आने से जिला अस्पताल से मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया था परंतु उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कोट कला निवासी 45 वर्षीय विजय सैनी पुत्र रामकुमार सैनी शराब का आदि था। रविवार देर शाम शराब पीकर घर जा रहा था घर के पास बने कुएं में गिरने से उसे गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने कुएं से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल से मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था लेकिन मंगलवार सुबह डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है परिजनों द्वारा जानकारी मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वैवाहिक कार्यकम में भाजपा नेताओं एवं समाजसेवी लोगों ने की शिरकत

**बुलंदशहर।** क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी अरवेश सिंह राघव किशनपुर ठकुरान की भतीजी के वैवाहिक समारोह में नेताओं समाजसेवियों व क्षत्रिय समाज के पुरोधा जिनमें प्रदेश मंत्री डॉ चंद्रमोहन, भाजपा नेता ठाकुर सुनील सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी, अश्वनी ठाकुर, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड पीसीसी सदस्य कांग्रेस रवि लोधी, कुंवर अभय प्रताप सिंह, एडवोकेट आदित्य राघव, एलडीएवी के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता दिनेश कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह प्रधान, ब्रजवीर सिंह राघव ग्राम प्रधान किशनपुर, पालिका अध्यक्ष डिबाई अरुण ठाकुर आदि रहे।

# बच्चे को बचाने के चक्कर में अल्टो कार बम्बे में गिरी 4 लोगों की दर्दनाक मौत

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर।** मंगलवार को थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में एक अल्टो कार नहर (रजवाहे) में जा गिरी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक महिला जिंदगी पर मौत की लड़ाई लड़ रही है। इस अल्टो कार में अमरोहा जनपद के नंगला नसीर के रहने वाले कौशल पत्नी निपेंद्र 39 वर्ष, निपेंद्र पुत्र मलखान 40 वर्ष, कन्हैया पुत्र निपेंद्र 16 वर्ष, वंशिका पुत्री पवन 16 वर्ष, हर्ष पुत्र पवन 10 वर्ष सवार थे। इनमें से कन्हैया तथा वंशिक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां निपेंद्र तथा हर्ष ने भी दम तोड़ दिया, जबकि महिला कौशल जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया जा है कि सिकंद्राबाद से शादी समारोह से लौट रहे थे, सभी लोग अमरोहा के रहने वाला ये परिवार बीती रात सिकंद्राबाद एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। सुबह गुलावठी क्षेत्र में पितुबास नहर के मोड़ पर अंधेरे में कार चालक को बंबा का टर्न प्वाइंट संभवत दिखाई नहीं दिया, जिस कारण यह हादसा हो गया। कार नहर में जा गिरी और कार में सवार लोग नहर के पानी में फंसे रह गए। नहर (रजवाहे) का टर्न प्वाइंट इस दर्दनाक हादसे का कारण बना और पूरा परिवार तबाह हो गया है। पूरे मामले में जानकारी देते हुए बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। फिलहाल सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# नगर निगम का बुलडोजर एक बार फिर गरजा, दुकानदारों में मची खलबली

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** बरेली में एक बार फिर नगर निगम की अवैध निमार्णो को लेकर कार्रवाई जारी हो गई है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सेटेलाइट बस अड्डे के पास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को हटाया। टीम ने सड़क किनारे बने अवैध खोखे और होर्डिंग्स को हटाकर जब्त कर लिया, जिससे दुकानदारों में खलबली मची रही। जैसे ही नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, वहां अवैध रूप से ठेले और खोखे लगाए दुकानदार इधर उधर भागने लगे।

टीम द्वारा कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया, जबकि कई खोखों को बुलडोजर की मदद से हटाकर नगर निगम की गाड़ी में भर लिया गया। इसके अलावा, दुकानों और होटलों के बाहर लगे अवैध होर्डिंग्स को भी जब्त कर लिया गया। सेटेलाइट बस अड्डे के आसपास लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। सड़क किनारे लगे ठेले और खोखों के कारण राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही थी।

नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने दुकानदारों और ठेले-खोखे वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा अवैध निर्माण किया गया, तो फिर से बुलडोजर चलेगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सेटेलाइट बस अड्डे के पास शराब की दुकानों की भरमार होने के कारण यह इलाका शराबियों का अड्डा बन गया था। लोग शराब खरीदकर खुलेआम सड़क किनारे ठेलों पर पीते थे, जिससे भीड़ और जाम की स्थिति बनी रहती थी। साथ ही, नॉनवेज ठेलों और धूम्रपान के खोखों पर शराब सेवन से माहौल खराब हो रहा था। नगर निगम की इस कार्रवाई से राहगीरों को राहत मिलेगी और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था कम होगी।

# परतापुर उद्योग पुरम की हालत गंभीर, सड़के बदहाल, विदेशी कस्टमर आने से है कतराते

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** मेरठ उद्योग पुरम , दिल्ली रोड , में सड़को, नालो, लाइट्स की बहुत ज्यादा खराब स्तथि है। देश विदेश के कस्टमर आने से कतराने लगे है। उद्योगपति तंग आ चुके है। एक मीटिंग पीमा द्वारा कुछ महीने पहले उद्योग मंदिर में के गई थी जिसमे माननीय मंत्री नंदी तथा सचिव मनोज कुमार के सामने मैंने उद्योग पुरम के नरक रूपी हालत बायां किए थे। जिन्हें माननीय मंत्री जी ने बहुत गंभीरता से सुना और तुरंत उस पर एक्शन लेते हुए अटल योजना में उद्योग पुरम को लेकर 55 करोड़ का अनुदान करवाया जिसपर यूपीसीडा के अधिकारियों ने त्वरित कार्य करते हुए टेंडर निकाल दिए। इस फण्ड से उद्योग पुरम की सड़को, नालों का उद्धार ही नहीं अपितु उद्योग पुरम एक हाईटेक इंडस्ट्रियल एस्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश बन जायेगा। हमे पूरी उम्मीद है और हम उसका सख्ती से पालन भी करवायेंगे की सभी ठेकेदार सारे कार्य उच्च गुणवत्ता के करके दे ताकि अगले बीस सालों तक उद्योग पुरम चमकता रहे। आज इन्ही सभी कार्यो का यूपीसीडा की अधिकारियों ने उपस्थित होकर श्री गणेश किया। हम सरकार का, यूपिडसीडा का बहुत बहुत धन्यवाद करते है। निपुण जैन ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए बताया

मंगलवार मेरठ की इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। उद्योग पुरम इंडस्ट्रियल एस्टेट, पाटार्पुर, मेरठ में वढरकऊअ के अधिकारी श्री यादव (गाज़ियाबाद) और राकेश झा (मेरठ) उपस्थित हुए और उद्योग पुरम के लिए मिले 55 करोड़ रुपये के कार्यों का श्रीगणेश किया। उद्योग पुरम कार्य स्थल पर जाकर ढएटअ के अध्यक्ष श्री निपुण जैन और




सचिव श्री नितिन कपूर ने नारियल फोड़कर कार्य शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ढएटअ के सदस्य और अन्य उद्योगपति भी मौजूद रहे।

इससे पहले उद्योग मंदिर में एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई, जिसमें ढकएटअ अध्यक्ष निपुण जैन ने कहा कि उद्योग पुरम के लिए मिले बजट से इसकी कायापलट हो जाएगी और यह उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ इंडस्ट्रियल एस्टेट के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन की ओर से ठेकेदार और वढरकऊअ को पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन यदि कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाई गई तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

सचिव नितिन कपूर ने कहा कि सभी उद्यमियों को होने वाले कार्यों में पूरा सहयोग देना होगा और यदि उनके सामने कोई अतिक्रमण है तो उसे हटाना होगा।

प्रेस को संबोधित करते हुए श्री यादव ने बताया कि सड़कों, नालों, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरा, ईवी चार्जिंग स्टेशन, केबल, डिस्प्ले बोर्ड, दो बड़े मुख्य द्वार आदि के टेंडर हो चुके हैं, जिन पर आज से काम शुरू कर दिया जाएगा और लगभग 8 महीनों में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

राकेश झा ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के हों और उद्योग पुरम को एक हाई-टेक इंडस्ट्रियल एस्टेट के रूप में विकसित किया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले ग्राहकों को महसूस हो कि वे एक विश्वस्तरीय औद्योगिक क्षेत्र में आए हैं, जहां उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध हैं।

इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से उद्योग पुरम के उद्यमी अपनी यूनिट्स का उत्पादन बढ़ा सकेंगे और नए उद्योगों की स्थापना भी होगी। कर्मचारियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, रैपिड मेट्रो और मेरठ मेट्रो स्टेशन के समीप होने से इस क्षेत्र में जबरदस्त विकास होगा, जिससे मेरठवासियों, विशेष रूप से टरटए सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा।

इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद उनकी देखरेख और मरम्मत के लिए भी दी जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की टूट-फूट या स्ट्रीट लाइट्स आदि खराब होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। कूड़ा उठाने के लिए भी विशेष प्रबंध किया जाएगा, जिससे प्रत्येक यूनिट से निकलने वाला कचरा नगर निगम के डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा।

इस अवसर पर राजीव सिंघल, उदित जैन, मुकेश गोयल, बलजीत सिंह, मनोज कुमार, मुकेश तनेजा, गौरव नारंग, आशीष गोयल सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे और सभी ने उद्योग पुरम में कार्य शुरू होने की खुशी व्यक्त की।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने हिसार में लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज शांति देवी जीआई इंस्टीट्यूट एवं एडवांस्ड एंडोस्कोपी सेंटर, हिसार के सहयोग से अपनी विशेष लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य हिसार, हरियाणा के मरीजों को उन्नत लिवर देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें विशेषज्ञ परामर्श और पूर्व ट्रांसप्लांट मूल्यांकन सेवाएं शामिल हैं।

इस ओपीडी सेवा की शुरूआत मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक डॉ. अजिताभ श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गई। वे हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को परामर्श देंगे। लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ से लिवर संबंधी बीमारियों जैसे सिरोसिस, लिवर फेलियर, फैटी लिवर और लिवर कैंसर से ग्रसित मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस सुविधा के माध्यम से मरीजों को संपूर्ण परामर्श, निदान और लिवर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया की जानकारी आसानी से प्राप्त होगी, जिससे हिसार और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को दिल्ली जैसी महानगरों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

ओपीडी सेवा के शुभारंभ के दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक डॉ. अजिताभ श्रीवास्तव ने कहा, “हम हिसार में अपनी विशेष लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरूआत करके उत्साहित हैं। यह ओपीडी सुनिश्चित करेगी कि मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता मिले और उन्हें परामर्श के लिए बार-बार महानगरों की यात्रा न करनी पड़े। हमारा उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ देखभाल और सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्नत उपचार विकल्प अधिक सुलभ हो सकें। यह ओपीडी अत्याधुनिक डाइग्नोस्टिक उपकरणों और ट्रीटमेंट सुविधाओं से सुसज्जित होगी, ताकि मरीजों को उनके घर के नजदीक ही सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल मिल सके। इस नई सुविधा के माध्यम से हिसार और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह ओपीडी उन्नत लिवर ट्रांसप्लांट मूल्यांकन, सर्जरी के बाद की देखभाल और लिवर से जुड़ी पुरानी बीमारियों के दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। डॉ. अजिताभ ने आगे कहा, “हमारी ओपीडी सेवाएं न केवल रोग की रोकथाम और परामर्श प्रदान करेंगी, बल्कि काम्प्लेक्स सर्जरी तक विस्तृत देखभाल भी उपलब्ध कराएंगी। हमारा लक्ष्य समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण में सकारात्मक योगदान देना है, और यह ओपीडी उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज लिवर ट्रांसप्लांट और हेपेटोबिलियरी देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हिसार में शुरू की गई यह ओपीडी अस्पताल की पहुंच को व्यापक बनाने और स्थानीय समुदाय को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# औरंगजेब को महान बताने पर ब्रह्मराष्ट्र एकम ने किया अबू आजमी का विरोध



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी स्थित सिंह द्वार पर ब्रह्मराष्ट्र एकम् विश्वमहासंघ के युवा अध्यक्ष कुशाग्र सनातनी के नेतृत्व में युवा जोश ने महाराष्ट्र में अबू आजमी द्वारा मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज व उनके पुत्र संभा जी महाराज के हत्यारे क्रूर मुगल शासक औरंगजेब को महान बताने वाले बयान का कड़ा विरोध किया। इस कड़ी में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सचिन सनातनी के मार्गदर्शन में कुशाग्र सनातनी ने संतोष कश्यप, कमलेश शुक्ला, योगी आलोक शुक्ला, प्रवीण दुबे, रोहित पांडेय, आकाश बिंद, सागर बिंद, अजय पटेल, कृष्णअधिकारी, मनोहर अद्वैत ,अविनाश पांडेय ने औरंगजेब और अबू आजमी के चित्र पर कालिख पोत कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर युवा अध्यक्ष ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि भारतवर्ष के स्वर्णिम इतिहास को तोड़ - मरोड़ कर पेश किया गया और हमारे देश के असली वीर योद्धाओं का हमेशा अपमान करने का काम कुछ सनातन विरोधियों द्वारा किया गया जिसमें विधर्मी औरंगजेब को महान बताने का काम अबू आजमी ने किया। आज का युवा ऐसे बयानों का बर्दाश्त नहीं करेगा और जब जब जरूरत पड़ेगा ऐसे विधर्मियो को आयना दिखाने का काम हमारी संस्था द्वारा किया जाएगा।

# तेज रफ्तार ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलटा, एक मासूम की मौत, मां गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**सीबीगंज/बरेली।** शादी समारोह से वापस अपने घर जा रहे हैं एक परिवार में एक सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची को खो दिया, इस हादसे में बच्ची की मां के साथ अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी के गांव सतुईया खास के देवपाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ फरीदपुर एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे इस शादी समारोह से वापस अपने घर लौटते समय वह अपने परिवार के साथ अटल (चौपुला) चौराहे से ऑटो में बैठ गए, ऑटो झुमका चौराहे पर पहुंचने वाला ही था तभी तेज रफ्तार होने के कारण अचानक वह डिवाइडर से टकरा गया, जिससे ऑटो पलट गया, ऑटो के पलटने के कारण देवपाल की 6 साल की मासूम लड़की तनवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई, और देवपाल की पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम तनवी के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायल सुनीता को पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।




# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस इंटर्न्स के लिए क्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स का आयोजन

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी, ओरल पैथोलॉजी और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभागों द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिए क्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 85 इंटर्न्स ने भाग लिया, जिन्हें तीन समूहों में विभाजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि करना और उन्हें नवीनतम उपचार तकनीकों से अवगत कराना था। पहले समूह को ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा “इमर्जिंग रोल ऑफ सी.बी.सी.टी. - ए 3डी इमेजिंग मोडेलिटी इन डेंटिस्ट्री” विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को सी.बी.सी.टी. तकनीक के उपयोग, इमेज इंटरप्रिटेशन, नर्व ट्रेसिंग और आर्टिफैक्ट्स की पहचान के बारे में जानकारी दी गई। इम्प्लांट प्लानिंग में सी.बी.सी.टी. की भूमिका पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई।

# रेलवे जंक्शन से जीआरपी व आरपीएफ टीम ने एक शराब तस्कर को 28 बोतलों के साथ गिरफ्तार किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जीआरपी व आरपीएफ टीम द्वारा होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सघन चैकिंग के दौरान मंगलवार को रेलबे जंक्शन प्लेटफार्म नंबर एक से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद रेलबे पुलिस ने तस्कर के खिलाफ विधिक कार्यवाई करते हुए उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सक्षम न्यायालय के सम्मुख पेश किया, जंहा से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जीआरपी व आरपीएफ की टीमों द्वारा होली के त्यौहार के मद्देनजर सघन चैकिंग के दौरान रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से एक तस्कर को 28 बोतल शराब (जिनकी अनुमानित कीमत करीब 14000 रुपये है) के साथ गिरफ्तार कर लिया, गिरफ्तार किये हुए तस्कर ने अपना नाम विकास यादव पुत्र जोगेन्द्र यादव बताया है और वह बिहार राज्य के सहरसा जिले के थाना सलकुआ के कोपडिया गांव का रहने वाला है। रेलबे पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के पास से तीन बैग बरामद किये हैं जिनमें 28 बोतल इंपीरियला ब्लू व रॉयल स्टैग जो हरियाणा मार्का की हैं, बरामद की हैं। इस कार्यवाई में जीआरपी के निरीक्षक तरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अर्जुन सिंह, सचिन कुमार, भुपेन्द्र सिंह और आरपीएफ के कांस्टेबल कुलदीप कुमार शामिल रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर महिला की मौत

**बढ़ापुर।** ग्राम नूरपुर अरब में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बाइक सवार भगवानपुर निवासी महिला उत्तरा देवी (45) की मौत हो गई। भगवानपुर निवासी बेगराज सिंह की ससुराल क्षेत्र के में है। रविवार को भगवानपुर निवासी बेगराज अपनी पत्नी उत्तरा देवी के साथ गांव शाहलीपुर कोटरा स्थित ससुराल आए थे। सोमवार की दोपहर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम नूरपुर अरब में संविलियन विद्यालय के पास उनकी बाइक रेत बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। बाइक गिरने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उत्तरा देवी को कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चोलापुर मे उतरा पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का हेलीकॉप्टर


वेलकम इंडिया



**वाराणसी ।** चोलापुर क्षेत्र के गोला गांव में मंगलवार को कैसरगढ़ के पूर्व सांसद ने एमएलसी के माता जी के निधन पर पैतृक गांव गोला हेलीकॉप्टर से पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए संवेदना प्रकट किया जानकारी के अनुसार श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह एमएलसी मिजार्पुर के स्वर्गीय माताजी मीरा देवी के स्वर्गवास होने पर पर बाहुबली कैसरगढ़ के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह लाव लश्कर के साथ हेलीकॉप्टर से पहुंच कर श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना प्रकट किया इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिभुवन नारायण सिंह जगदीश नारायण सिंह गोपाल सिंह रामनारायण सिंह अभिषेक सिंह और रेनू सिंह संजय सिंह पूर्व प्रधान विशाल सिंह प्रिशु सिंह पत्रकार मनोज जायसवाल पत्रकार विजय शंकर चौबे जयंत सिंह गुड्डू पांडे सुशील तिवारी बच्चन गुरु आदि लोग मौजूद रहे।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बुलेरो कार, एक बाराती की मौत, 5 की हालत गंभीर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के जादोपुर में एक सड़क हादसे में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये हादसा तेज रफ्तार बोलेरो के डिवाइडर से टकराने के कारण हुआ। फिल्हाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे की है। भोजीपुरा के पीपलसाना चौधरी से बारात बहेड़ी के भूड़ा गांव गई थी। बुलेरो में सवार करीब आठ बाराती वापस लौट रहे थे। तभी जादोपुर के पास पहुंचे तो कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। लोगों की माने तो कार की रफ्तार अधिक थी जिसकी वजह से हादसा हुआ। हादसे में पीपलसाना निवासी 28 वर्षीय शिव कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है। हादसे के बाद जादोपुर के पास देर रात चीखपुकार मच गई। वहीं कार में घायल बुरी तरह तड़पने लगे।

आसपास के लोगों ने पूरे घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस हादसे की असल वजह जानने में जुटी है।

# शहाबुद्दीन ने कहा कि मुस्लिम बादशाहों ने की गलतियां, मगर अबू आसिम की बात भी सही है



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर इस बार समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी का बयान चर्चा में है। सपा नेता की जहां उनके बयान पर आलोचना हो रही है तो ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी अबु आसिम आजमी के समर्थन में उतर आए हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा है कि मोहम्मद मोहीयूद्दीन औरंगजेब आलमगीर बादशाह के बारे में अबू आसिम आजमी ने जो कुछ कहा वो उनका अपना नजरिया और सोच है। कोई व्यक्ति अपने किसी महापुरुष के बारे में कुछ भी विचार रखता है, तो यह विचार रखने और बोलने की आजादी भारत में सभी को हासिल है। भारत एक आजाद देश है, और सभी को ये अधिकार दिए गए हैं कि हर व्यक्ति शालीनता के साथ आजाद भारत में अपनी बात कह सकें। मौलाना ने कहा कि सपा नेता अबू आसिम आजमी ने कोई भी ऐसी बात नहीं कही है जो देश द्रोह के दायरे में आती हो। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा कायम करने और कानूनी कार्रवाई की मांग गलत है। उन्होंने देश के खिलाफ कुछ नहीं कहा। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम बादशाह इंसान थे, और इंसान भूल और गलती से बना हुआ है। हां ये बात जरूर है कि मुस्लिम बादशाहों से कुछ गलतियां जरूर हुई हैं। क्योंकि ये भी इंसान थे। अगर इंसान से गलती न हो तो फिर वो “फरिश्ता” कहलाता है।

# कम्पोजिट स्कूल व्यासपुर से 11 बच्चों ने इस परीक्षा में अपना परचम लहराया

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा का परिणाम कल दिनांक 28 फरवरी 2025 को जारी किया गया। मीरजापुर जिले के विकासखंड मझवाँ के कम्पोजिट स्कूल व्यासपुर से 11 बच्चों ने इस परीक्षा में अपना परचम लहराया। सरकार की तरफ से कक्षा 9 से 12 तक प्रति बच्चे को 48 हजार रुपये की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में सोनी (जिले में 5 वाँ रैंक), आकाश, अजय, अनुराग, श्रेया, अरुन, हिमांशु, श्वेता, हर्ष, उत्कर्ष, शिवम रहे। सभी बच्चे जिले में टॉप 50 में स्थान बनाने में सफल रहे। विगत वर्ष सत्र 2024-25 में भी विद्यालय से 5 बच्चों का तथा सत्र 2023-24 में भी 5 बच्चों का चयन हुआ था। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील चौरसिया ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूरे स्टाफ के प्रयास की सराहना की। मझवाँ खण्ड शिक्षाधिकारी बृजेश कुमार राय और सभी एआरपी ने सफल बच्चों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

# एस.आर.एम.इंस्टीट्यूट में विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** एस.आर.एम.इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान और नवाचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. वर्मा (पूर्व सलाहकार, वैज्ञानिक-जी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) थे। उन्होंने अपने उद्घाटन संबोधन में विज्ञान एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सतत अनुसंधान और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ह्यविज्ञान दर्पणह्व के दूसरे अंक का विमोचन हुआ। इस विज्ञान पत्रिका में विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए शोध लेख एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रचनाएँ प्रकाशित की गई हैं। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में कुल 17 नवाचारपरक परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर डॉ. एस. विश्वनाथन डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन, एसएंडएच), और डॉ. धोम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने की। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें निरंतर प्रयोगशील बने रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के फैशन क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा रोबोटिक्स थीम पर रैंप वाक प्रस्तुत किया गया ह्ल अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

## मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाये जौहर

**गाजियाबाद।** मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जमकर अपने जौहर दिखाए। खेलकूद महोत्सव में क्रिकेट, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट एवं विभिन्न स्तर की दौड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि जो विदेश में भारत के राष्ट्रगान की धुन बजवाते हैं, वे हमेशा सम्मान के पात्र होते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना भी जरूरी है। इसलिए जीवन में खेलकूद व व्यायाम अनिवार्य है। शरीर की मजबूती से ही मस्तिष्क का सही विकास होता है और जीवन के संघर्षों का आसानी से मुकाबला किया जा सकता है। तभी सफलता मिलती भी है। खेल महोत्सव में मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉ. अलका अग्रवाल, चीफ प्रॉक्टर करुण कौशिक, स्पोर्ट्स हैड विक्रांत तोमर, प्रवीण तेवतिया, अमित पाराशर समेत मेवाड़ का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल व वैश्य समाज का होली मिलन कार्यक्रम 10 मार्च को



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** होली के पावन त्यौहार के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी व अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज मोदीनगर के सौजन्य से एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन 10 मार्च सोमवार को शाम के 6:00 एक्शन रिसोर्ट पिलर नंबर 1287 तहसील के सामने किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम फूलों की होली के साथ किया जाएगा कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद के रूप में सुरुचि पूर्ण भोजन की भी व्यवस्था की गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता ने अपने कार्यालय पर दी। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अमित गोयल गोविंदपुरी के चेयरमैन अमितेज जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोवर्धन सचदेवा, महामंत्री एडवोकेट संजीव कौशिक, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विजयनगर हरमुखपुरी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत राकेश शर्मा नितिन गुप्ता शिवम गुप्ता मोनू चौधरी मास्टर नंदकिशोर आदि उपस्थित रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी इकाइयों के स्वयंसेवकों रैली निकालकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया। इसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नगरपालिका मोदीनगर के चेयरमैन विनोद कुमार वैशाली, जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद के चेयरमैन कृष्णवीर चौधरी, ग्राम प्रधान राजू चौधरी, तथा महाविद्यालय से डॉ. राजपाल त्यागी, डॉ. अनुज, डॉ. अरुण पाल, डॉ. सौरभ पाल और डॉ. योगेश उपस्थित रहे।

# दीपक चौधरी व अमित त्यागी को युवा राष्ट्रीय लोकदल का जिला महासचिव बनाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** युवा राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का संचालन युवा राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह द्वारा किया गया। जिसमें गोविंदपुरी निवासी दीपक चौधरी को जिला महासचिव, अमित त्यागी निवासी लोनी जिला महासचिव, सुमित तेवातिया जिला उपाध्यक्ष व दर्जनों साथियों को युवा राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाई गई। मंच का संचालन युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी, युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी ,महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव डा पूनम गर्ग, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चौधरी ,युवा लोकदल मेरठ के जिला अध्यक्ष प्रशांत चौधरी, राहुल गुर्जर सीकरी, योगेश फफराना, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी ,तेजवीर सिंह , प्रोफेशनल मंच जिला अध्यक्ष अरुण दहिया वरिष्ठ नेता सतेंद्र तोमर ,आशीष किशोरी, उम्मेद भाम्ब्रिक, दिनेश चौधरी, ललित सेन, रामभरोसे लाल मौर्य, युवा जिला महासचिव विपिन गुलिया , अवधेश दीक्षित, रीता चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत पतला , देवेंद्र चौधरी चेयरमैन पति पतला, अजीत खंजरपुर, सतीश राठी गौरव तेवटिया, अमित चौधरी, सुरेंद्र पाल सिंह, चौधरी बीर सिंह, पुरु चौधरी, शेखर चौधरी, सौरभ, अविनाश चौधरी, आकाश चौधरी, विकास राजपूत, पिंटू जाटव प्रदीप कर्दम ,राम विजय ,उपेंद्र चौधरी ललित सेन ,अशोक प्रथमगढ़, उपेन्द्र फजलगढ़, अवधेश शर्मा नगर अध्यक्ष आदि सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक ने स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री को ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** लखनऊ प्रवास के दौरान रविन्द्र जायसवाल (स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री) से मुलाकत कर अपनी विधानसभा क्षेत्र की तहसील मोदीनगर के निबंधन कार्यालय की समस्याओं से पत्र द्वारा अवगत कराया ।तहसील मोदीनगर के निबंधन कार्यालय में हर वर्ष लगभग 25000 रजिस्ट्री की जा रही है । जिसका स्टाम्प लगभग 176 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार को दिया जा रहा है । निबंधन कार्यलय में जगह कम होने के कारण बैठना तो छोड़ो खड़े होने, पानी पीने एवं शौचालय तक की भी कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है । मंत्री से आग्रह किया कि बढ़ती रजिस्ट्री और आम जन को हो रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए एक अन्य ऑफिस की सुविधा उपलब्ध करायी जाये ताकि दस्तावेज पंजीकृत कराने आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का खेल! सरकारी योजनाओं को जमकर लगा रहे पलीता




वेलकम इंडिया

**रुदौली, अयोध्या।** ब्लॉक रुदौली के ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर सचिव की मिलीभगत से ग्राम प्रधान जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लेकिन ब्लॉक से लेकर जिले तक बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसा ही एक मामला रुदौली विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरिहरपुर बलैया का प्रकाश में आया है, जहां पर ग्राम प्रधान, सचिव की मिली-भगत से बड़ा भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। हैंड पंप मरम्मत के नाम पर एक लाख पैसठ हजार पांच सौ बीस रुपया 16 फरवरी 2025 को निकाला गया लेकिन हैंड पंप का मरम्मत कर नहीं कराया गया वही वर्तमान में ग्राम पंचायत में राज वित्त से नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसमें मानक को ताक पर रखकर कराया जा रहा है हो रहे नाली निर्माण में पीली ईट व बालू का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है। मौके पर कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं था वहीं इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया पर फोन बंद होने के कारण बात नहीं हो सकी वही ग्राम सचिव ने बताया कि ग्राम प्रधान से मेरी भी बात दो दो महीनों तक नहीं हो पाती है अक्सर उनका फोन बंद रहता है वही हो रहे निर्माण कार्य व हैंड पम्प मरम्मत के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने संतोष जनक जबाब नहीं दिया। ग्रामीणों कहना है कि गांव में बिना कार्य किए ही ग्राम प्रधान व सचिव मिलकर फर्जी तरीके से सरकारी पैसों की निकासी कर रहे हैं। हम लोगों ने कई बार ब्लॉक से लेकर उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की पर प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मेरे गांव में हैंड पंपों को दोबारा बोर दिखाकर प्रधान व सचिव ने पैसे हड़प लिए जबकि हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत में कई हैंडपंप सालों से खराब पड़े हुए है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम प्रधान सचिव ने ग्राम सभा में दर्जनों से ज्यादा लगे हैड पंपों को दोबारा से बोर दिखाकर ग्राम सभा के खाते से पैसे निकाल लिए। जबकि ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा में किसी भी हैंडपंप को दोबारा से रिबोर नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव मिलकर सरकारी पैसे की बंदर बाट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने किया संगठन विस्तार

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक ने मंगलवार को संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए युवा मंडल अध्यक्ष मेरठ प्रिंस चौधरी के नेतृत्व में 20 नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन में शामिल किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, जिला प्रभारी कुलदीप चौधरी, और जिला कोषाध्यक्ष राजू चौधरी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नव नियुक्त सदस्य संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा किसानों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने संगठन के उद्देश्यों और किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति संगठन की रीढ़ है, और इनके जुड़ने से किसानों की समस्याओं को प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

# दबंगो ने किया शमशान की भूमि पर कब्जा ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर किया हंगामा

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** शासन के सख्त निदेर्शों को दबंगो ने ठेंगा दिखाकर शमसान की बेस कीमती भूमि पर लगे पेड़ व दर्जनों कब्रों पर बुलडोजर चलाकर कब्जा करने का मामला सामने आया है। गांव की महिला पुरुषों में आक्रोश पनप गया। इसके बाद दर्जनों की संख्या में महिला और पुरुषों ने मंगलवार को रुदौली तहसील मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर शमशान की जमीन को सुरक्षित कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं एसडीएम रुदौली ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। मामला रुदौली तहसील के ग्राम पंचायत हलीमनगर का है। गांव की गीता देवी, सुषमा, सुमन, हरिश्चंद्र, सुभाष, माया देवी, राजभारती, राम प्रकाश, हिम्मतलाल, ननकू, सुषमा, मीना देवी, चंपा देवी, बृजलाल, शशि कुमार सुशीला, नीलम, रीता देवी, राम कैलाश, रंजीत, शिव विलास, रामकुमार, विशाल, हंसराज, मोतीलाल, हीरालाल व जियालाल सहित दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी को सौंपें गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या -19 रकबा 0 ?224 हेक्टेयर शमशान की भूमि है, उक्त शमशान की भूमि में उनके पूर्वज दफ्न है, इसके अलावा हलीमनगर गांव के अनुसूचित व पिछड़ी जाति के लोग मृत्यु होने पर उक्त श्मशान में अपने-अपने पूर्वजों के शवों को दफनाते व अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। भेलसर टिकैतनगर मार्ग पर स्थित उक्त शमशान की कीमती भूमि को हथियाने की नियत से सोमवार की रात को माफियाओं ने लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मिली भगत करके जेसीबी मशीन से उनके पूर्वजों की कब्रों के गड्ढ़ों का नामोनिशान मिटानें के लिए उसमें बालू भरकर भूमि को बराबर भी कर दिया। यही नहीं शमशान पर लगे पेड़ों को भी काट दिया। ग्रामीणों ने इस घटना को दिलों को झकझोर देने वाली घटना बताते हुए कहा कि गांव के लोग बहुत दुखी है, उन्हें गहरा सदमा भी पहुंचा है। अब अपने पूर्वजों के शवों को कहां दफनायेंगे। दो माह पूर्व बीते 24 दिसम्बर को राजस्व निरीक्षक व भेलसर के लेखपाल जगदम्बा यादव ने एक ईट भट्ठें के लिए जेसीबी मशीन से सड़क निकलवा दिया था, इतना ही नही सड़क के बीच में आ रहे नल को भी उखड़वाकर फेंकवा दिया था। तभी से ग्रामीण लगातार जनसुनवाई पोर्टल से लेकर उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे रहे हैं।

# अयोध्या मिल्कीपुर के देवगांव उदासीन आश्रम में प्रत्येक वर्ष बाबा अवतार सिंह के द्वारा किया जाता है , भंडारे काआयोजन

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** बताया जाता है मिल्कीपुर क्षेत्र के देवगांव में एक आश्रम है जो उदासीन आश्रम के नाम से प्रसिद्ध है जो एक सुंदर आश्रम है इस आश्रम के अंदर बजरंगबली का मंदिर व माता जी का भव्य मंदिर बना हुआ है यह आश्रम तीन समुदायों से जुड़ा हुआ है, हिंदू ,मुस्लिम ,सिक्ख, यहां पर पंजाब से सिक्ख लोग आते हैं यहां पर लगभग एक हफ्ते तक मेले के साथ-सा द भंडारे का आयोजन किया जाता है इस भंडारे के लिए पंजाब से काफी सिक्ख लोग अपने साथ सभी प्रकार के समान के साथ आकर भंडारे का आयोजन करते हैं जो कि यह भंडारा बाबा विधि चंद के नाम पर किया जाता है बताया जाता है कि बाबा विधि चंद सिखों के पूर्वज थे जो बाबा विधि चंद जी ब्रह्मलीन हो गए थे पता चला है कि बाबा सुंदरशाह, बाबा विधि चंद जी के अनुमति से यहां आते हैं और बाबा विधि चंद जी की सेवा करते हैं देखा गया है कि यहां पर लगभग एक हफ्ते तक भजन, कीर्तन, शब्द गुरबानी व भंडारे का आयोजन चलता रहता है ।इस भंडारे में लगभग प्रतिदिन 20 से 25 हजार तक आदमी प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा जितने लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं उससे ज्यादा लोग प्रसाद घर को ले जाते हैं यहां पर बाबा विधि चंद जी की कृपा से यह सब हो रहा है। यहां पर पंजाब से काफी घोड़े आते हैं और आखिरी दिन घोड़े की रेस के साथ विदाई होती है।



# गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर बड़ी कार्रवाई, 621 लोगों पर पुलिस का शिकंजा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने विशेष अभियान चलाकर 621 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस ने सभी के 34 के चालान की कार्यवाही की। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया और मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 142 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 26 कौशांबी से 23 खोड़ा से 18 साहिबाबाद से 21 लिंक रोड से 20 शालीमार गार्डन से 15 और टीला मोड़ से 19 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 258 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 56, विजयनगर से 55, सिहानी गेट से 25, नंदग्राम से 45, कवि नगर से 37 और मधुबन बापूधाम से 40 लोग शामिल हैं।

डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 221 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें ट्रॉनिका सिटी से सर्वाधिक 52 लोग पकड़े गए। लोनी से 25, अंकुर विहार से 6, लोनी बॉर्डर से 18, मसूरी से 20, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 17, निवाड़ी से 13, भोजपुर से 9, वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## मुरादनगर में विवाहिता को जिंदा जलाने की कोशिश, 70% झुलसी

**गाजियाबाद।** दहेज लोभियों की क्रूरता का एक और मामला सामने आया है। मुरादनगर में एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पीड़िता 70 प्रतिशत से अधिक झुलस गई है और उसे गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डासना गेट निवासी भूरी की शादी मुरादनगर के इंतखाब से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज में कार और 10 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इसको लेकर महिला के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जाता था।

परिजनों के अनुसार, 26 फरवरी की रात भूरी के पति इंतखाब, देवर परवेज और देवरानी सीमा ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने किसी तरह उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता की मां मुन्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति इंतखाब, देवर परवेज और देवरानी सीमा के खिलाफ धारा 115(2), 127(2) और 118(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का कहना है कि बेटी की हालत बेहद गंभीर है।

## रेड क्रॉस ने क्षय रोगियों को गोद लेकर वितरित की पुष्टाहार पोटली, टीबी मुक्त भारत का संकल्प



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रेड क्रॉस गाजियाबाद, रोटरी क्लब और इनर व्हील क्लब के सहयोग से क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेकर उन्हें इलाज के लिए प्रोत्साहित कर रहा है और उनके लिए नियमित रूप से पुष्टाहार पोटली वितरित कर रहा है। इसी क्रम में पुलिस लाइन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां 25 पात्र क्षय रोगियों को पुष्टाहार प्रदान किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा ने रेड क्रॉस के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्यह एक शानदार पहल है। रेड क्रॉस को महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर भी कार्य करना चाहिए। रेड क्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से संगठन महिला उत्पीड़न, बाल शोषण और नशे के खिलाफ अभियान चला रहा है। यह अभियान समाज को बेहतर और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित सक्षम गुप्ता ने अपने जन्मदिन के मौके पर सेवा कार्य करने पर गर्व महसूस किया और कहा कि वे अपने दोस्तों को भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर रेड क्रॉस सचिव किरण गर्ग, राकेश गुप्ता, विपिन अग्रवाल, विनीता पाल, इनर व्हील से रानू वैश्य, पुलिस अस्पताल के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज राकेश, संजय यादव और अन्य चिकित्सा सहयोगियों ने सक्षम गुप्ता को उनकी मानवीय सेवा के लिए बधाई दी। सभी ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी लिया।

## गाजियाबाद में 22 मार्च से लगेगा निशुल्क बुक एक्सचेंज मेला, अभिभावकों और छात्रों को मिलेगा लाभ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन का निशुल्क बुक एक्सचेंज मेला 22 मार्च से लगने जा रहा है। इस बार मेला तीन के बजाए दो चरणों में लगेगा, जहां अभिभावक तथा छात्र अपनी पुरानी किताबों तथा कॉपियों को आपस में निशुल्क बदलकर लाभ उठा सकते हैं।

संगठन की बैठक में इसकी घोषणा की गई। बैठक का आयोजन शास्त्री नगर स्थित कार्यालय में हुई। एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर के लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जबकि दूसरा चरण 30 मार्च को यॉर्क ग्राउंड, करकड़ मोड़, राधा कुंज, डेल्टा कालोनी में सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में अभिभावक तथा छात्र आपस में अपनी पुरानी किताब-कॉपियों के बदले अगली कक्षाओं की किताब-कॉपियों से आपस में बदल सकते हैं। इसके अलावा अपनी प्रतियोगी परीक्षा, कॉमिक, जूते-मौजे और ड्रेस आदि भी बदल सकते हैं। जो सक्षम हैं वह अपनी किताबें और अन्य सामान दान भी कर सकते हैं। यह पुस्तक एकदम निशुल्क है। संगठन ने ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों से मेले में आकर लाभ उठाने की अपील की है तथा दूसरे संगठनों से भी इसी तरह की मुहिम के लिए आगे आने का आह्वान किया है। एसोसिएशन सचिव अनिल सिंह ने कहा कि इस तरह से जहां अभिभावकों को आर्थिक रूप से सहायता मिलेगी वहीं दूसरी तरफ कागज के लिए पेड़ों की अंधाधुंध हो रही कटाई से पर्यावरण को जो नुकसान पहुंच रहा है उसे कम करने में भी मदद मिलेगी। संगठन की तरफ से यह मेला पिछले आठ सालों से लगाया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में अभिभावक शामिल होते हैं और लाभ उठाते हैं।

## जन औषधि दिवस पर एक कदम मातृशक्ति की ओर कार्यक्रम, महिलाओं को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत ह्यजन औषधि दिवस पखवाड़े के अंतर्गत कौशांबी स्थित जयपुरिया मार्केट में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक कदम मातृशक्ति की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और सरकार द्वारा चलाई जा रही सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की पहल को सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल, डॉ. प्रीति वर्मा और जन औषधि केंद्र के प्रबंधक सुरेश मित्तल मौजूद रहे। पार्षद कुसुम गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई सस्ती दवाइयों और सुलभ इलाज की योजना की सराहना की और इसे आम जनता के लिए बेहद लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने महिला नेतृत्व के उदाहरण देते हुए इसे सशक्तिकरण का प्रमाण बताया।

इस मौके पर जन औषधि केंद्र की ओर से महिलाओं को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी के अध्यक्ष के.एल. सचदेवा, समाजसेवी एस.आर. सिंह, रेनू मल्होत्रा, विमला भट्ट, अनीता खंडेलवाल, पवित्रा रेनू नेगी और नीलम रावत सहित कई गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सस्ती दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जागरूक किया गया।

## गाजियाबाद में 9 मार्च को कश्यप-निषाद समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन, राजनीतिक रणनीति पर होगा मंथन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कश्यप-निषाद समाज की ओर से 9 मार्च 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन गाजियाबाद के गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में होगा, जिसमें समाज को संगठित करने और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष चर्चा होगी। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अधिवेशन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसमें कश्यप-निषाद समाज के प्रतिनिधि अपने विचार और रणनीतियाँ साझा करेंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कश्यप-निषाद समाज को एकजुट कर संगठन को मजबूती देना है। साथ ही, 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण रणनीति बनाई जाएगी। नरेंद्र कश्यप इस मौके पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर विचार रखेंगे।

## नशे की हालत में बालकनी से गिरा व्यक्ति, मौत

**गाजियाबाद, इंदिरापुरम।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में एक दुखद हादसे में शुभम शर्मा की फ्लैट से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुभम देर रात ऑफिस से घर लौट रहे थे और अत्यधिक नशे में होने के कारण अपने फ्लैट तक नहीं पहुंच सके। संतुलन बिगड़ने से वे फर्स्ट फ्लोर की बालकनी से नीचे गिर गए। स्थानीय लोगों ने घायल शुभम को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि शुभम ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था, जिससे वे अपने फ्लैट तक नहीं पहुंच पाए और बालकनी में ही बैठ गए। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर पड़े। पुलिस ने बताया कि मृतक शुभम शर्मा मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे। शुरूआती जांच में यह आकस्मिक दुर्घटना प्रतीत हो रही है और इसमें किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता नहीं पाई गई है। हालांकि, पुलिस द्वारा अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं मुख्य भाषण देंगे। राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार कश्यप स्वागत भाषण देंगे। राष्ट्रीय महासचिव राजवीर कश्यप, वेद कश्यप और सुल्तान कश्यप समर्थन भाषण देंगे।

प्रदेश अध्यक्षों में दिल्ली से संजीव कश्यप, हरियाणा से चतर सिंह कश्यप, उत्तर प्रदेश से रामकुमार और नंदलाल बाथम, चंडीगढ़ से हेमराज कश्यप, राजस्थान से दिनेश कुमार कश्यप, युवा उत्तर प्रदेश प्रकोष्ठ से चिंटू कश्यप मौजूद रहेंगे। यह अधिवेशन समाज की एकजुटता का प्रदर्शन करने के साथ–साथ राजनीतिक ताकत दिखाने का भी मंच होगा। इससे पहले भी नरेंद्र कश्यप कई बार ऐसे अधिवेशनों के जरिए शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं। 2027 के चुनावों से पहले यह कार्यक्रम कश्यप–निषाद समाज की राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कवि नगर में कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** शहर के पांडव नगर और गोल्फ लिंक के पास सोमवार देर रात कूड़े के ढेर में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक किलोमीटर दूर से ही धधकती आग दिखाई दे रही थी। आसपास के लोगों ने तुरंत कवि नगर थाना पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां अक्सर कूड़े में आग लगाई जाती है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इस क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। आग से निकला धुआं आसमान में दूर–दूर तक फैल गया, जिससे राहगीरों को सांस लेने में भी परेशानी हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब आग लगी तो सड़क से गुजर रहे लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि कहीं किसी ने जानबूझकर तो आग नहीं लगाई। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। दमकल अधिकारियों का कहना है कि शहर में खुले में कूड़ा जलाना प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी कई जगह ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## जानकार से 11 लाख की ठगी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार, पुलिस अधिकारी बनकर किया डिजिटल फ्रॉड

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने मिलकर अपने ही जानकार से 11 लाख रुपये ठग लिए। दोनों ने पीड़ित को फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर धमकाया और जांच के नाम पर डराकर पैसे ऐंठे। हैरानी की बात यह है कि जिस व्यक्ति से ठगी की गई, उसी ने इस दंपति की शादी करवाई थी। प्रीति पहले से ही पीड़ित सीताराम पांडे को जानती थी।

सीताराम ने ही उसकी शादी अनिल कुमार से करवाई थी। शादी के बाद प्रीति ने कई बार बहाने बनाकर सीताराम से पैसे मांगे, कभी पति की नौकरी छूटने की बात कही तो कभी जीजा की मौत का बहाना बनाया। इसके बाद प्रीति और अनिल ने मिलकर सीताराम को डराने की साजिश रची। प्रीति ने सीताराम को बताया कि उसकी बहन के पति की मौत की पुलिस जांच में वह भी शक के दायरे में है। अनिल कुमार ने नया मोबाइल नंबर लेकर उस पर पुलिस की डीपी लगाई और खुद को थाना प्रभारी, दादरी बताकर सीताराम को मैसेज भेजने लगा। मैसेज में उसने सीताराम को डराया कि नेहा मामले की जांच में उसका नाम आ रहा है। डर के कारण सीताराम ने अलग-अलग बार में 11 लाख रुपये ठगने दिए। पीड़ित ने ठगी की शिकायत इंदिरापुरम पुलिस से की, जिसके बाद एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के निर्देश पर कार्रवाई हुई। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने अनिल कुमार और उसकी पत्नी प्रीति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि दंपति ने इस तरह से और कितने लोगों को ठगा है।

## अवैध विज्ञापन हटाने के लिए निगम ने चलाया अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा अवैध विज्ञापन हटाने की कार्यवाही वसुंधरा जोन अंतर्गत की गई मौके पर लगभग डेढ़ किलोमीटर तक अभियान चलाया गया जिसमें कनवानी पुलिया से लेकर छजरसी के कट तक अभियान चलाया गया मौके पर प्रभारी विज्ञापन पल्लवी सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे परवर्तन टीम का विशेष सहयोग रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम की विज्ञापन विभाग की टीम लगातार शहर से अवैध विज्ञापन हटाने का कार्य कर रही है इसी क्रम में प्रभारी विज्ञापन द्वारा बताया गया कि अवैध विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए भी कार्य योजना बनाई जा रही है जिसके बाद अवैध विज्ञापन कर्ता के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, प्रभारी विज्ञापन द्वारा यह भी बताया गया कि रोस्टर के क्रम में अभियान समय-समय पर टीम चल रही है जिसमें जोनल प्रभारी भी सहयोग कर रहे हैं अगला अभियान विजयनगर क्षेत्र में चलाया जाएगा। वसुंधरा क्षेत्र में लगभग 11 बड़े विज्ञापन होर्डिंग हटाए गए। गाजियाबाद नगर निगम सदन के बाद अवैध विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु निर्णय लेगा।

## अवैध औद्योगिक इकाइयों पर चला जीडीए का बुलडोजर, विरोध रहा नाकाम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड पर अवैध औद्योगिक इकाइयों को ध्वस्त कर दिया। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में यह बड़ी कार्रवाई की गई। बुलडोजर चलने के दौरान अवैध निर्माणकताओं ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय पुलिस और जीडीए बल ने स्थिति को नियंत्रित कर कार्रवाई को पूरी कराई। कार्रवाई के दौरान मौजूद अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें और न ही बेचें। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि शहर में अनधिकृत निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा। जीडीए ने यह भी चेतावनी दी है कि जो भी अवैध निर्माण करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।